मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 81% |
| सूर्योदयः 5:30 | सूर्यास्तः 17:18 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : तुम अनुभव का निर्माण नहीं कर सकते। तुम्हें अनुभव को भोगना ही पड़ेगा।



प्रेमानंद महाराज की अब रोजाना हो रही डायलिसिस! पदयात्रा बंद होने से वृंदावन पहुंच रहे श्रद्धालु मायूस पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# दार्जिलिंग में भूस्खलन एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या 28 हुई, ममता ने मुआवजे का किया ऐलान

- मृतक के परिवार को पांच लाख का मुआवजा देगी सरकार
- मृतकों के परिवार के एक सदस्य को मिलेगी स्पेशल होम गार्ड की नौकरी
- मुख्यमंत्री ने डीवीसी पर बोला हमला, कहा... 'बाढ़ राहत उपायों के लिए केंद्र से धन नहीं मिल रहा'



मुख्यमंत्री ममता ने आपदा प्रभावित इलाके का किया दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दार्जिलिंग जिले में हुए विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है, जबकि छह लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। बचाव दलों को पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते पानी की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि उत्तरी बंगाल में आई बाढ़ 'प्राकृतिक नहीं बल्कि मानवजनित' है। उन्होंने दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) पर आरोप लगाया कि उसने बिना राज्य सरकार को सूचित किए बड़ी मात्रा में पानी छोड़ दिया, जिससे बंगाल के कई नदियां उफान पर आ गईं और निचले इलाकों में तबाही मच गई। ममता बनर्जी ने कहा कि डीवीसी अपनी मर्जी से पानी छोड़ रहा है। मैथन और पंचेत बांधों की डीसिल्टिंग (गाद सफाई) नहीं होने के कारण उनकी पानी रोकने की क्षमता काफी कम हो गई है। झारखंड में बाढ़ से बचाने के लिए डीवीसी पानी छोड़ रहा है, और उसका पूरा असर बंगाल झेल रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार बाढ़ और भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच लाख रुपये का मुआवजा और एक सदस्य को होमगार्ड की नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि अब तक हमें 28 लोगों की मौत की खबर मिली है। उत्तरी बंगाल में 12 घंटे तक लगातार बारिश हुई, जिसमें 300 मिमी से ज्यादा वर्षा रिकॉर्ड की गई। मुख्यमंत्री ने यह बयान कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया, इससे पहले कि वे बागडोगरा के लिए रवाना हुईं ताकि खुद राहत और बचाव कार्यों की निगरानी कर सकें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लगातार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि हम, पुलिस, डीजी सभी मिलकर हालात पर नजर रख रहे हैं। परसों 12 घंटे लगातार बारिश हुई। उस दिन ज्वार भी था। अगर बिहार में बारिश होती है तो पानी फरक्का से आता है, अगर उत्तर प्रदेश में होती है तो गंगा में आता है– तो यह सारा पानी आखिर जाएगा कहां? डीसिल्टेशन क्यों नहीं किया जा रहा?

### पर्यटकों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 45 बसें लगाई हैं ताकि उत्तरी बंगाल में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमने 250 लोगों के लिए सिलीगुड़ी में ठहरने की व्यवस्था की है। करीब 500 पर्यटकों को वोल्वो और नॉर्थ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसों से लाया जा रहा है। सभी पर्यटक सुरक्षित हैं। पुलिस ने राहत शिविरों में सामुदायिक रसोई भी शुरू कर दी है।

### केंद्र पर ममता का आरोप

इस दौरान, ममता ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र से अब तक कोई आर्थिक मदद नहीं मिली, और राज्य सरकार 'किसी तरह अपने बल पर राहत कार्य चला रही है। उन्होंने कहा कि हम बार-बार पत्र लिख रहे हैं, लेकिन केंद्र की तरफ से अब तक कोई सहायता नहीं आई है। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से ही राहत और बचाव कार्य कर रही है।

### बंगाल सरकार ने भूटान से किया आग्रह

ममता ने कहा कि बंगाल सरकार ने भूटान को अपनी नदियों से धीमी गति से पानी छोड़ने को कहा है। वहां से छोड़े गए पानी से नागराकाटा, जलपाईगुड़ी, धूपगुड़ी, अलीपुरद्वार समेत उत्तर बंगाल के विभिन्न स्थानों को क्षति पहुंची है। ममता ने दावा किया कि सभी पर्यटकों का उद्धार कर लिया गया है। सिर्फ डायमंड हार्बर का एक व्यक्ति बेहद दूरवर्ती स्थान पर होने के कारण लापता है। पृष्ठ–3

# बिहार में छह और 11 नवंबर को मतदान, 14 नवंबर को आएंगे नतीजे

## राजग और 'इंडिया' गठबंधन की किस्मत का फैसला करेंगे 7.42 करोड़ से अधिक मतदाता




**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को तारीखों का एलान करने के साथ ही बिहार में चुनावी बिगुल बज गया। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आगामी छह नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और कहा कि बिहार का चुनाव का सभी चुनावों से अहम (मदर ऑफ ऑल इलेक्शंस) होता है तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना आयोग की प्राथमिकता है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान होगा। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीट हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया कि पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को होगी, 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी, 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 3.92 करोड़ और महिला मतदाता 3.50 करोड़ हैं। कुमार ने बताया कि 14 लाख मतदाता बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर सकेंगे। बिहार की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

### मतदान केंद्रों के फुटेज केवल उच्च न्यायालयों के साथ साझा किए जा सकते हैं: ज्ञानेश कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि मतदान केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज केवल उच्च न्यायालयों के साथ साझा किए जा सकते हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ऐसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड जनता के साथ साझा करना मतदाताओं की निजता का उल्लंघन है। कुमार का कहना था कि मतदान की वेबकास्टिंग फुटेज फॉर्म 17ए के समान है, जिसे उन मतदाताओं की पहचान की सुरक्षा के लिए राजनीतिक दलों के साथ साझा नहीं किया जाता है जिन्होंने मतदान किया।

### देशभर में एसआईआर लागू करने पर अंतिम निर्णय निर्वाचन आयोग लेगा: ज्ञानेश कुमार

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू करने का कार्य प्रगति पर है और इसके क्रियान्वयन पर अंतिम निर्णय निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य जारी है और तीनों आयुक्त विभिन्न राज्यों में एसआईआर शुरू करने की तिथियों पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेंगे। आयोग ने अपने राज्य के चुनाव अधिकारियों को 30 सितंबर तक मतदाता सूची संशोधन अभियान के लिए तैयार रहने को कहा था।

# सोना 9,700 रुपये उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी भी 1.57 लाख के ऊपर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# उत्तर बंगाल में प्रभावित इलाके के दौरे पर पहुंचे भाजपा सांसद-विधायक पर जानलेवा हमला



- सांसद खगेन मुर्मू सिर में चोट से हुए लहूलुहान, भीड़ ने गाडियों पर किया पथराव
- घायल सांसद अस्पताल में भर्ती, दिल्ली एम्स ले जाने पर विचार

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल के नागराकाटा में सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर भीड़ ने हमला कर दिया। हमले में दोनों नेता बुरी तरह जख्मी हो गए और इसके बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरअसल, सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री बांटने गए थे। हमले के बाद भाजपा सांसद और विधायक वहां से निकलने लगने लगे तो भीड़ ने उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह हमला तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। खबरों के अनुसार, नागराकाटा में सोमवार को भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर भीड़ ने हमला कर दिया। हमले में दोनों नेता बुरी तरह जख्मी हो गए और इसके बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री बांटने गए थे। हमले के बाद भाजपा सांसद और विधायक वहां से निकलने लगने लगे तो भीड़ ने उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह हमला तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। इस दौरान करीब 500 से ज्यादा लोगों ने वापस जाओ के नारे लगाए और सड़कें जाम कर दीं। इस हमले के बाद राजनीतिक हंगामा मच गया। बीजेपी विधायक शंकर घोष ने हमले के लिए ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को दोषी ठहराया है। शंकर घोष का कहना है कि यह हमला टीएमसी की सोची-समझी साजिश है। मगर, इस तरह के हमलों से बीजेपी के सेवा कार्य नहीं रोके जा सकते हैं। घायल बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में सांसद समेत भाजपा नेताओं पर हमले के लिए तृणमूल की आलोचना की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद और एक विधायक सहित पार्टी सदस्यों पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद सोमवार को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की "बेहद दयनीय" स्थिति को दर्शाता है। भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और पार्टी विधायक शंकर घोष राज्य के उत्तरी भाग में बाढ़ एवं भूस्खलन प्रभावित दुआर क्षेत्र के दौरे पर भीड़ के हमले में घायल हो गए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में, हमले के लिए सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि राज्य सरकार और तृणमूल ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में हिंसा में लिप्त होने के बजाय लोगों की मदद करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, "पश्चिम बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों, जिनमें एक मौजूदा सांसद और विधायक भी शामिल हैं, पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद भयावह है। यह तृणमूल कांग्रेस की असंवेदनशीलता के साथ-साथ राज्य में कानून-व्यवस्था की बेहद दयनीय स्थिति को भी उजागर करता है।" उन्होंने कहा, "मैं भाजपा कार्यकर्ताओं से लोगों के बीच काम करते रहने और जारी बचाव कार्यों में सहायता करने का आह्वान करता हूं।"

### ममता का पलटवार : कहा, बंगाल को राजनीति नहीं, राहत की जरूरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर बंगाल में आई बाढ़ और भूस्खलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने बिना किसी जांच या आधिकारिक रिपोर्ट का इंतज़ार किए ही राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगा दिए। जब पूरा प्रशासन और पुलिस राहत-बचाव कार्य में दिन-रात जुटे हैं, तब भाजपा नेताओं का केंद्रीय बलों की सुरक्षा में लंबी गाड़ियों के काफिले के साथ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचना और वह भी बिना स्थानीय प्रशासन को सूचना दिए, कई सवाल खड़े करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में दोष तय करने का अधिकार केवल कानून और न्यायिक प्रक्रिया का होता है, न कि किसी राजनीतिक मंच या ट्वीट का। उन्होंने प्रधानमंत्री के बयान को संविधानिक मर्यादा का उल्लंघन बताया। ममता ने कहा कि मणिपुर में जब हिंसा फैली थी, तब प्रधानमंत्री को वहां जाने में 964 दिन लग गए, जबकि बंगाल के प्रति अचानक दिखाई गई चिंता राजनीतिक अवसरवाद लगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तर और दक्षिण बंगाल के बीच भेदभाव फैलाने की कोशिश कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बंगाल एक है – भावना से, संस्कृति से और राजनीति से भी। ममता ने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे राज्य की निर्वाचित सरकार की बात सुनें, सिर्फ पार्टी नेताओं की नहीं। उन्होंने कहा, आप भारत के प्रधानमंत्री हैं, केवल भाजपा के नहीं। इस समय राजनीति को विराम दीजिए, राहत, सहयोग और मानवता को प्राथमिकता दीजिए। यही आज की सबसे बड़ी राजनीति है।

# 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित खोज के लिये तीन वैज्ञानिकों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम :** मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई। 'पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस' या परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता एक ऐसा तरीका है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को अनियंत्रित होने और बाहरी आक्रमणकारियों के बजाय अपने ही ऊतकों पर हमला करने से रोकने में मदद मिलती है। यह वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कारों की पहली घोषणा है और स्टॉकहोम के कारोलिंस्का संस्थान में एक समिति ने नाम घोषित किए। मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की जाएगी। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को की जाएगी।

# भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम में पनडुब्बी रोधी जलपोत 'अन्द्रोथ' को अपने बेड़े में शामिल किया

**विशाखापत्तनम :** भारतीय नौसेना ने सोमवार को यहां नौसेना की गोदी में एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धक, उथले पानी के जलपोत 'अन्द्रोथ' को अपने बेड़े में शामिल किया। नौसेना के अनुसार, 'अन्द्रोथ' के शामिल होने से उसकी पनडुब्बी रोधी युद्धक (एएसडब्ल्यू) क्षमताएं बढ़ जाएंगी, जिसका लाभ मुख्य रूप से तटीय और उथले पानी में होने वाले अभियानों को मिलेगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने की। इस दौरान वरिष्ठ नौसेना अधिकारी और शिपयार्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ईएनसी की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, अन्द्रोथ का शामिल होना नौसेना के स्वदेशीकरण और क्षमता बढ़ाने के जारी प्रयासों में एक और बड़ा कदम है।

# अदालत कक्ष में वकील ने सीजेआई की ओर जूता उछालने की कोशिश की, बीसीआई ने निलंबित किया

## प्रधानमंत्री मोदी ने सीजेआई गवई से बात की, कहा : उन पर हमले से हर भारतीय नाराज



**नयी दिल्ली :** भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई की ओर कथित रूप से जूता फेंकने का प्रयास करने के मामले में आरोपी वकील राकेश किशोर को सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अदालती कार्यवाही के दौरान हुई इस अभूतपूर्व घटना से अविचलित रहे प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और अदालत कक्ष में मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे नजरअंदाज करने और राकेश किशोर नामक दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ देने को कहा। न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन के साथ पीठ में बैठे प्रधान न्यायाधीश ने मामलों की सुनवाई जारी रखते हुए वकीलों से कहा, इन सब से विचलित मत होइए। हम विचलित नहीं हैं। ये चीजें मुझे प्रभावित नहीं करती हैं। बार एसोसिएशन, एससीबीए और एससीएओआरए, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित कई वकीलों और राजनीतिक दलों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे संविधान और संस्था पर हमला बताया। पुलिस ने बताया कि राकेश किशोर की उम्र 71 वर्ष है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने उसके पास से एक नोट बरामद किया है, जिसमें लिखा था 'सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान'। सूत्रों ने बताया, हमें यह भी पता चला कि उसके पास सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और शाहदरा बार एसोसिएशन का कार्ड था।



## सभ्य समाज के लिये शर्म की बात

बेटियों की साक्षरता में वृद्धि और कामकाजी क्षेत्र में लगातार उनकी बढ़ती भूमिका के बावजूद यदि दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि होती है, तो यह शर्मनाक स्थिति ही कही जाएगी। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की वह रिपोर्ट चौंकती है कि साल 2023 के दौरान देश में दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में 14 फीसदी मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं। इस वर्ष के दौरान दहेज के कारण देशभर में 6,100 महिलाओं की मौत दर्ज की गई है। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा जा रहा है और हम रूढ़िवादी सोलहवीं सदी में जी रहे हैं। लड़कियों के साथ यदि परिवार व्यवस्था में भेदभाव होता है और भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो उसके मूल में भी दहेज का अभिशाप ही है। लगातार खर्चीली होती उच्च शिक्षा व्यवस्था में बेटियों की शिक्षा पर बड़ा खर्च करने के बाद यदि मां-बाप को दहेज देना पड़ता है तो यह शर्मनाक स्थिति है। हालांकि, पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद व अन्य कारकों को दहेज का मामला बनाने के कुछ मामले अदालतों की चिंता का भी विषय रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद समाज में दहेज के लिये उत्पीड़न की घटनाएं कटु सत्य है। यह भी एन-सीआरबी की रिपोर्ट का यथार्थ है कि देश में हर रोज दहेज के लिये हत्याएं दर्ज हो रही हैं। बेटियों को पढ़ाने तथा सरकारों द्वारा उनके सशक्तीकरण के तमाम प्रयासों के बावजूद दहेज का दानव यदि अट्टहास कर रहा है तो यह हमारे समाज की असफलता ही कही जाएगी।

निस्संदेह, हमारे समाज में सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। एक समय नारा लगाया जाता था कि दुल्हन ही दहेज है। इस नारे को हकीकत बनाने की जरूरत है। कहीं न कहीं इस संकट के मूल में पितृसत्तात्मक सोच भी जिम्मेदार है। जिसमें स्त्रियों को वाजिब हक न देकर उन्हें कमतर आंका जाता है। इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि दहेज प्रथा उन्मूलन के लिये सख्त कानून होने के बावजूद इस कुप्रथा पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है। आखिर क्यों दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत मामले लगातार बढ़ रहे हैं। समाज में साक्षरता वृद्धि और जागरूकता अभियानों के बावजूद स्थिति जस की तस है। विडंबना यह है कि दहेज उत्पीड़न के ज्यादातर मामले बड़े हिंदी प्रदेशों में सामने आए हैं। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में और फिर बिहार दूसरे नंबर पर है। ये हजारों मामले समाज में स्त्रियों की विडंबनापूर्ण स्थिति को ही दर्शाते हैं। समाज में उपभोक्तावादी सोच के चलते भी दहेज की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। हमें विचार करना होगा कि समाज में दहेज के संकट की जड़ों पर कैसे प्रहार किया जाए। राष्ट्र का विकास तब तक एकांगी ही रहेगा, जब तक आधी दुनिया को समाज में सम्मानजनक स्थान नहीं मिलता। दहेज के मामलों में न्याय भी शीघ्र देने की आवश्यकता है। आज जरूरत इस बात की है कि बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे समाज में सम्मानजक ढंग से बिना किसी पर निर्भर रहकर जीवनयापन कर सकें।

## नीति आयोग को भारत-अमेरिका के बीच जल्द व्यापार समझौते की उम्मीद

**नयी दिल्ली :** नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुब्रह्मण्यम ने यह भी कहा कि भारत को शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना चाहिए और विनिर्माण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। उन्होंने यहां तिमाही आधार पर व्यापार विश्लेषण पर जारी रिपोर्ट (ट्रेड वॉच क्वार्टरली) जारी करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''अच्छी बात यह है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को उम्मीद है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया था। इसमें भारत के रूस से कच्चे तेल खरीदने के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क शामिल है। इसके बाद नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया था। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिकी शुल्क का क्रिसमस तक कोई विशेष प्रभाव नहीं होगा, हालांकि अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं, तो उसके बाद एक समस्या देखने को मिलेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 अक्टूबर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 09:16 तक, नक्षत्र : रेवती, 04:42 तक, योग : ध्रुव, 09:26 तक, सूर्योदय: 5:30 सूर्यास्त: 17:18, चन्द्रोदय : 17:21, चन्द्रास्त: 05:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 14:19 से 15:47

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मेष राशि वालों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। करियर में सकारात्मक बदलाव होंगे। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी।

**वृष :** आज वृषभ राशि के जातकों को आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। व्यापारी वर्ग को बड़ा सौदा मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन :** आज मिथुन राशि वालों को मेहनत के अच्छे परिणाम मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति का योग है। विद्यार्थियों को शिक्षा में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में समझदारी दिखाएँ।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन शानदार है। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। परिवार में किसी शुभ कार्य की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को आज आत्मविश्वास से काम करना होगा। करियर में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रेम जीवन में मधुरता बढ़ेगी।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन संतुलित रहेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिलेगी। व्यापारी वर्ग को बड़ा लाभ हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रहेगा। नौकरीपेशा लोगों को नए अवसर मिलेंगे। व्यापार में लाभ होगा। प्रेम जीवन में नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को आज आर्थिक लाभ होगा। नौकरी और व्यापार दोनों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**धनु :** आज धनु राशि वालों के लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। करियर में उन्नति के योग हैं। शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ होगा। प्रेम जीवन सुखद रहेगा।

**मकर :** मकर राशि के लिए आज का दिन कार्यों में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निवेश से लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को आज करियर में सफलता मिलेगी। नौकरी बदलने के इच्छुक लोगों को अवसर मिल सकता है। व्यापार में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों को आज भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी और व्यापार दोनों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। जीवनसाथी से संबंध मजबूत होंगे।

# जीवन रक्षक दवा बनीं मौत का कारण



रोहित माहेश्वरी

मध्यप्रदेश और राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला अब पूरे देश में चिंता का विषय है। दोनों राज्यों में 'कोलड्रिफ' नाम के कफ सिरप से 18 बच्चों की मौत का आरोप है। इनमें से 16 मौतें मध्यप्रदेश और दो राजस्थान में हुई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'कोलड्रिफ' को जिम्मेदार बताते हुए इसे बनाने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात की है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन यानी डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 2022 में कफ सिरप पीने के बाद तीन देशों में 300 बच्चों की मौत के मामले सामने आए थे। कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए।

केंद्र ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे दवाओं की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और बच्चों को बिना जरूरत खांसी की दवा न दी जाए। साथ ही, जांच में कोलड्रिफ नाम के कफ सिरप में जहरीले रसायन डाई एथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई, जिसके बाद केंद्र ने तमिलनाडु की उस यूनिट का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की है, जहां दवा तैयार की गई थी।

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के पीड़ित परिजनों के अनुसार बच्चों को खांसी की शिकायत थी। कफ सिरप पिलाया गया और अन्य दवाएं भी दी गई। सिरप पीने के बाद ही बच्चों को पेशाब रुकने जैसी दिक्कतें होने लगी। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि बच्चों की किडनी फेल हो चुकी थी। बच्चो को अस्प-ताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में 11 मासूमों की जान चली गई। एक बच्ची की मौत के बाद नागपुर जिला प्रशासन से खबर मिली की किडनी फेल होने से जान जा रही है। जांच टीम ने तीन बच्चों की बायोप्सी की, जिसकी रिपोर्ट में किडनी नेफ्रॉन में डैमेज दिखा।

आखिर कफ सिरप में जहरीले केमिकल कैसे पहुंचते हैं यह यक्ष प्रश्न है। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है।

मध्यप्रदेश में जिस सिरप का इस्तेमाल हुआ, वह तमिलनाडु के कांचीपुरम स्थित 'श्रीसन फार्मास्युटिकल्स' की फैक्ट्री में बना था। तमिलनाडु ड्रग कंट्रोल विभाग ने इस फैक्ट्री से लिए गए कोलड्रिफ सिरप के सैपल की जांच की, जिसमें 48.6 प्रतिशत डाई एथिलीन ग्लाइकॉल यानी डीईजी पाया गया। यह बेहद जहरीला रसायन है, जो किसी भी फार्मा प्रोडक्ट में तय मात्रा से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। राजस्थान के भरतपुर और सीकर जिलों में जिन दो बच्चों की मौत हुई, जांच में सामने आया कि उन्हें घर पर ही कफ सिरप दिया गया था, बिना किसी डॉक्टर की सलाह के। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों के परिवारों को दवा दुकानदारों से यह सिरप मिला था।

यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। सकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जन स्वास्थ्य के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार स्थिति है।

यह मामला दवा निर्माण प्रक्रिया में निगरानी और परीक्षण प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करता है। देश मे हर दवा बैच की जांच का नियम तो है, लेकिन कई छोटी और मध्यम फार्मा इकाइयां इसे नजरअंदाज करती है। जो सिरप तमिलनाडु की यूनिट से निकला, उसमे डीईजी का ऊंचा स्तर संकेत है कि या तो कच्चे माल की जांच नहीं हुई, या फैक्ट्री में मिलावट को नजरअंदाज किया गया। पिछले साल देशभर में 100 से ज्यादा सिरप गुणवत्ता के अनुरूप नहीं मिले थे।

सिरप में ग्लिसरीन मिलाई जाती है, जिससे दवा गाढ़ी और मीठी बनती है। ग्लिसरीन वैसे तो सुरक्षित होती है, लेकिन जब ग्लिसरीन की जगह या गलती से या सस्ते विकल्प के रूप मे डाई एथिलीन ग्लाइकॉल डीईजी या एथिलीन ग्लाइकॉल यानी ईजी जैसे केमिकल उसमे मिल जाते है तो समस्या होती है। ये केमिकल असल में औद्योगिक उपयोग के लिए बने होते है जैसे ब्रेक ऑयल, पेंट, और इंजन कूलेट। कई बार फैक्ट्रियों में टैंक, पाइपलाइन ठीक से साफ नहीं किए जाते। इससे 4 पुराने औद्योगिक रसायनो के अंश ग्लिसरीन में मिल जाते है। कभी-कभी सप्लायर सस्ती नकली ग्लिसरीन देते है। जब यही दूषित ग्लिसरीन सिरप में प्रयोग होती है, तो कफ सिरप जहरीला बन जाता है।

बीते महीने में यूपी में आगरा से नकली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद हुई थी। आगरा में नकली दवाओं के कारोबारियों के कनेक्शन देशभर में फैले हुए थे।हालिया मौतों के बाद बड़ा सवाल यही है कि डब्ल्यूएचओ की चेतावनी, पुरानी घटनाओं के बाद भी देश में ऐसे मामले दोबारा कैसे आए, क्या फैक्ट्रियों में जांच कागजो तक सीमित है, क्या ड्रग कंट्रोल विभाग सही निरीक्षण कर रहे है? जवाब जांच रिपोर्ट में मिल सकता है, लेकिन फिलहाल देश के लोगों में चिंता है।

ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है। हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है।

केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। साथ ही अकसर दंड के प्रावधान प्रभावी नहीं होते। अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। इसके लिए मजबूत ऑडिट, लापरवाही के लिए आपराधिक जिम्मेदारी तय हो और मामलों में पीड़ितों को तीव्र न्याय मिलना चाहिए। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।

# बिहार चुनाव के नतीजे तय करेंगे, एसआईआर विपक्ष के लिए एक शक्तिशाली मुद्दा या असफल दांव

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों से इस बहस पर विराम लगने की उम्मीद है कि क्या विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध के रूप में अंततः एक शक्तिशाली राजनीतिक मुद्दा मिल गया है या फिर यह गठबंधन के लिए एक और असफल दांव साबित होगा। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। राज्य की जनता ने 2005 से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। हालांकि, उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और जनता का फैसला ही स्पष्ट करेगा कि क्या जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख (नीतीश) राज्य के चुनावी संग्राम में एक करिश्माई कर्णधार के रूप में अपनी स्थिति बनाए रख पाएंगे या फिर तेजस्वी यादव विपक्ष के चेहरे के रूप में उन्हें मात देने में सक्षम होंगे। नीतीश उस गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है, जो राज्य में पहले से कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन पर संख्यात्मक बढ़त हासिल है, जिसमें कांग्रेस और वामपंथी सहयोगी शामिल हैं। दोनों गठबंधनों-राजग और महागठबंधन-ने विधानसभा चुनाव के लिए नये सहयोगी जोड़े हैं। वहीं, चुनाव रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर व्यापक अभियान के जरिये 'एक्स फैक्टर' (महत्वपूर्ण कारक) के रूप में उभरे हैं और अपनी जन सुराज पार्टी को पारंपरिक गठबंधनों के विकल्प के रूप में पेश कर रहे हैं। चुनाव नतीजों को निर्वाचन आयोग की एसआईआर पहल पर




जनमत संग्रह के रूप में भी देखा जाएगा, जिसके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जोरदार अभियान चलाया है और कई क्षेत्रीय नेताओं ने उनका समर्थन किया है। आयोग की बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर अभ्यास लागू करने की योजना है। एसआईआर के खिलाफ अभियान क्या विपक्ष को बढ़ावा देगा या फिर सत्तारूढ़ गठबंधन के दावे के अनुरूप एक असफल दांव साबित होगा, इसका फैसला भी बिहार चुनावों से होगा। राहुल ने कथित वोट चोरी के खिलाफ बिहार में 17 अगस्त से एक सितंबर के बीच 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली थी। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि निर्वाचन आयोग पर सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ कथित मिलीभगत के जरिये 'वोट चोरी' के राहुल के आरोपों को विपक्ष के जनाधार के बाहर भी समर्थन मिलता है या नहीं।

भाजपा नीत राजग ने दावा किया है कि एसआईआर का मकसद घुसपैठियों को बाहर निकालना है और इसके खिलाफ विपक्ष का अभियान 'वोट बैंक' की राजनीति से प्रेरित है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में छह और 11 को नवंबर को होंगे, जबकि वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विपक्ष में प्रमुख ताकत है, जबकि भाजपा सत्तारूढ़ राजग में जदयू के मुकाबले अधिक मजबूत घटक के रूप में उभरी है। हालांकि, दोनों गठबंधन अपनी-अपनी चुनौतियों से घिरे हुए हैं। दो सबसे बड़े मतदाता समूहों-मुसलमानों और यादवों का ठोस समर्थन हासिल होने के बावजूद, राजद के नेतृत्व वाला गठबंधन अन्य समुदायों से पर्याप्त समर्थन जुटाने में विफल रहा है। भाजपा-जदयू गठबंधन 1990 से 2005 के बीच राजद सरकार के दौरान कथित कुशासन और उसके बाद नीतीश के सुशासन का हवाला देकर अन्य समुदायों से बड़े पैमाने पर वोट हासिल करने में कामयाब रहा है। नीतीश ने 2015 को छोड़कर सभी विधानसभा चुनाव राजग के हिस्से के रूप में लड़े हैं। 2015 में उन्होंने चुनाव के लिए लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राजद से हाथ मिला लिया था। तेजस्वी यादव विपक्षी गठबंधन का जनाधार बढ़ाने की कोशिशों में जुटे हैं, जिसके अत्यंत पिछड़े वर्गों (ईबीसी) से बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को टिकट देने की संभावना है। ईबीसी चुनाव नतीजों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं और उन्होंने ज्यादातर मौकों पर राजग का समर्थन नहीं किया है। विपक्ष की ओर से 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनाई गई इसी तरह की रणनीति ने उसे मजबूती दी थी, जब 40 सीटों वाले बिहार में उसकी सीटों की संख्या 2019 में एक से बढ़कर 2024 में 10 हो गई थी। हालांकि, यह आंकड़ा राजग की 30 सीटों से अभी भी काफी कम है। कुशवाहा और कुर्मी (यादवों के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के दो सबसे बड़े समूह) के अलावा, ईबीसी और संख्यात्मक रूप से कमजोर अनुसूचित जातियों (एससी) के एक बड़े हिस्से ने भी नीतीश की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। नीतीश खुद कुर्मी समुदाय से आते हैं। हालांकि, राजग नेताओं को भरोसा है कि उनका जीताऊ 'वोट बैंक' बरकरार रहेगा और युवाओं एवं महिलाओं पर केंद्रित विकास परियोजनाओं एवं कल्याणकारी पहलों की झड़ी, जिसमें लगभग एक करोड़ महिलाओं को 10,000 रुपये की वित्तीय सहायता शामिल है, उनके पक्ष में लोकप्रिय समर्थन बनाए रखेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और नीतीश के लिए लंबे समय से जारी सद्भावना को सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में फिजा को मजबूत करने वाले अन्य कारकों के रूप में देखा जा रहा है। आलोचकों ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री पद से नीतीश की छुट्टी तय है, क्योंकि चुनाव में राजग की जीत के बावजूद भाजपा उन्हें सरकार का नेतृत्व करने का मौका नहीं देगी। हालांकि, भाजपा के कई नेताओं ने दावा किया है कि राजग नीत अगली सरकार की कमान भी नीतीश ही संभालेंगे। बिहार जहां लगभग तीन दशक से दो राजनीतिक गठबंधनों का दबदबा रहा है, वहां इस बार प्रशांत किशोर भी एक अहम ताकत बनकर उभरे हैं, जिनका चुनाव प्रचार जातिगत समीकरणों को साधने के बजाय मुख्यतः महत्वपूर्ण मुद्दों और प्रमुख दलों की कथित विफलताओं के इर्द-गिर्द केंद्रित है। कथित भ्रष्टाचार को लेकर कुछ राजग नेताओं के बारे में किशोर की तीखी टिप्पणियों, तीन वर्षों से अधिक समय तक जमीनी स्तर पर किए गए काम और सफल चुनावी रणनीतिकार के रूप में उनके 'ट्रैक रिकॉर्ड' ने उन्हें और उनकी जन सुराज पार्टी को बड़े पैमाने सुर्खियों में रखा है। हालांकि, यह देखना अभी बाकी है कि इससे किशोर के नये संगठन को पहले से ही खंडित राजनीतिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट हासिल करने में मदद मिलेगी या नहीं।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), जो 2020 के विधानसभा चुनावों से पहले राजग से अलग हो गई थी और जिसके प्रत्याशियों ने लगभग तीन दर्जन सीटों पर जदयू की जीत की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया था, अब सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है।

वहीं, पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा भी अब राजग में लौट आए हैं। वह इससे पहले एक अन्य गठबंधन का नेतृत्व कर रहे थे, जिसमें मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) शामिल थी।

बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए 2020 में हुए चुनावों में राजग ने 125 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि राजद-वामदल-कांग्रेस के महागठबंधन को 110 सीटों से संतोष करना पड़ा था। हालांकि, दोनों गठबंधनों के बीच वोट प्रतिशत का अंतर बेहद कम था। राजग को जहां 37.26 फीसदी मत हासिल हुए थे, वहीं महागठबंधन का वोट प्रतिशत 37.23 फीसदी दर्ज किया गया था।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एक ऐसा राज्य जहां 2020 में राजग और विपक्षी गठबंधन के बीच वोटों का अंतर 15,000 से भी कम था, वहां किशोर को मिलने वाला समर्थन कई सीटों पर पारंपरिक समीकरण को पलटने की क्षमता रखता है।

पूर्व मंत्री मुकेश सहनी 2020 में राजग का हिस्सा थे, लेकिन अब वह राजद के साथ हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सत्तारूढ़ गठबंधन में बने हुए हैं।

इस बार विधानसभा चुनावों में दोनों प्रमुख गठबंधनों का स्वरूप 2024 के लोकसभा चुनाव के समान है। राजग के मजबूत सामाजिक समीकरणों ने यह सुनिश्चित किया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में 2019 के मुकाबले कम सीटें जीतने के बावजूद विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी बढ़त बनी रहे।

## वर्ग पहेली नं. 3226



*ऊपर से नीचे :-* 2) तृतीय, 3) उपयोग, 4) अज्ञानी, 5) उबला चावल, 7) सफलता, 9) वकील का पेशा, 11) उथलपुथल, 12) निषिद्ध, 13) अत्याचार, 17) देखभाल, 18) लहू-लुहान, 19) आश्चर्य, 20) प्रयत्न, 21) शरारत, 26) सदृश.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें :-* 1) धूप-दीप से पूजा, 3) डँसना, 5) किराया, 6) मनोरथात्मक, 8) भोज का निमंत्रण, 10) मातम, 12) नगीना, 14) अत्याचार, 15) चुपड़ना, 16) वसा, 18) जख़्म, 19) अदृश्य; ईश्वर, 20) दिनारंभ, 21) शिव, 22) आचरण, 23) मनन परिणाम ; ख़्याल, 24) सामने, 25) तंग; जकड़बंद; खिंचा, 27) ईंधन, 28) वैमनस्य.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | व | र | त | ■ | अ | नु | भा | वी |
| वां | ■ | ग़ै | ■ | बा | ध | क | ■ | ड़ा | ■ |
| त | स्क | र | ■ | द | ■ | स | रा | स | र |
| र | ■ | ह | म | ला | व | र | ■ | ■ | हि |
| ■ | दु | ■ | त | ■ | र्ग | ■ | आ | द | त |
| स | म | झ | दा | र | ■ | म | ग | र | ■ |
| च | ■ | ■ | ता | ■ | ■ | हि | ■ | बा | हु |
| मु | ना | दी | ■ | ह | नु | मा | न | ■ | न |
| च | ■ | दी | ग | र | ■ | ■ | मी | ना | र |

## सुडोकू-पहेली-3183

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | | |
| | 9 | | | 3 | | | | |
| 1 | | | 7 | | | 6 | 8 | |
| | | | 5 | | | 2 | | |
| | 4 | 5 | | | 7 | | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |
| | | 7 | 9 | | 4 | 8 | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | 6 | 3 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3182 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |

# मुख्यमंत्री ममता ने आपदा प्रभावित इलाके का किया दौरा, प्रभावितों से की बात

- कहा... 'शांत और संयम रखें, अप्रिय घटना से बचे'
- 'किसी को भी चोट न पहुंचे', भाजपा विधायक और सांसद पर हमले पर बोलीं ममता



**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल में भारी बाढ़ और भूस्खलन की स्थितियों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजनीतिक भेदभाव को भूलकर प्रभावितों की मदद करने का संदेश दिया। ममता ने कहा कि लोकल सांसद और विधायक वहां मौजूद हैं, लेकिन किसी को भी इस आपदा के समय राजनीति में उलझने की जरूरत नहीं है। उनका साफ संदेश था कि किसी को भी कोई चोट न पहुंचे, जो भी हुआ, मैं नहीं चाहती कि कानून-व्यवस्था बाधित हो। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नागराकाटा क्षेत्र का दौरा किया, जहां भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और भाजपा विधायक शंकर घोष पर हमला हुआ। इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए ममता ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 30-40 गाड़ियों के साथ जाना आम लोगों के लिए दुखदायी है, क्योंकि उन्हें भोजन और आश्रय की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह राजनीति करने वहां नहीं जाएंगी और इस इलाके का निरीक्षण उनके निर्देशानुसार जिलाधिकारी करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की और कहा कि आपदा के समय सभी को मिलकर संकट का सामना करना चाहिए। ममता बनर्जी ने प्रभावितों की सुरक्षा और सहायता के लिए कदम उठाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि जिनके घर बाढ़ और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी सूची स्थानीय प्रशासन के साथ बनाकर मुख्य सचिव को भेजी जाएगी। बाढ़ का पानी उतरने के बाद सभी प्रभावितों की पूरी सहायता की जाएगी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार के पास एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और अन्य एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट है, और जरूरत पड़ने पर इनसे तुरंत सहायता ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि लोग अगर विपदा में हैं, तो किसी को इसमें अपना कोई योगदान लेने की आवश्यकता नहीं है। सभी को मिलकर प्रभावितों की मदद करनी चाहिए।

# दूधिया पहुंचे राज्यपाल बोस, स्थिति का लिया जायजा



**सिलीगुड़ी :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार को दूधिया में क्षतिग्रस्त लोहे के पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान, राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से बातचीत भी किए। वहीं, उन्होंने प्रभावित लोगों को राहत सामग्री भी सौंपे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने पहाड़ और डुआर्स में बारिश से हुए नुकसान की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को उत्तर बंगाल का दौरा करने का फैसला किया। इस दिन, दोपहर में बागडोगरा एयरपोर्ट पहुंचने के बाद राज्यपाल दूधिया के किए रवाना हुए, जहां, उन्होंने हालात का मुआयना किया। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि मैंने ग्राउंड जीरो पर आकर स्थिति का जायजा लिया है। साथ ही, पीड़ितों से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि इस समस्या का समाधान कैसे हो सकता है, इस विषय पर विचार किया जा रहा है। आम लोग काफी प्रभावित हुए है। राज्यपाल ने कहा कि जो भी जरूरी होगा, वो किया जाएगा।

### भाजपा सांसद-विधायक पर हमले से बिफरीं भाजपा, ममता पर बोला हमला

# बंगाल तृणमूल कांग्रेस ने शुरू किया जंगल राज : संबित पात्रा



**नई दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने सोमवार को जलपाईगुड़ी के नागराकाटा में आदिवासी नेता व सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले को लेकर ममता सरकार की आलोचना की और इसे पश्चिम बंगाल में जंगल राज का उदाहरण बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बाढ़ राहत के लिए मुर्मू और स्थानीय विधायक शंकर घोष के दौरे के दौरान उन पर हमला करने के लिए उकसाया, जिससे मुर्मू के सिर में चोटें आईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हमने एक बार फिर पश्चिम बंगाल में टीएमसी द्वारा शुरू किया गया 'जंगल राज' देखा है। जब खगेन मुर्मू बाढ़ राहत के लिए जलपाईगुड़ी के नागराकाटा जा रहे थे, तो स्थानीय विधायक शंकर घोष भी उनके साथ थे। उस समय, टीएमसी नेताओं के इशारे पर, पार्टी कार्यकर्ताओं ने खगेन मुर्मू और शंकर घोष पर हमला किया। पूरे भारत ने इसे देखा। खगेन मुर्मू को सिर में चोटें आई हैं। आज, एक आदिवासी नेता और 2 बार के सांसद पर अमानवीय तरीके से हमला किया गया; यह क्रूरता और बर्बरता है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। उत्तर बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पात्रा ने मुख्यमंत्री की आलोचना की कि उन्होंने वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित न करके कार्निवल कार्यक्रम में टॉलीवुड संगीत की धुनों पर नाचने का काम किया। पात्रा ने कहा कि उन्हें पता है कि इससे लोगों में गलत संदेश गया है। इसलिए, उन्होंने हमारे विधायक और सांसद (शंकर घोष और खगेन मुर्मू) पर हमला करवाया।

## पश्चिम बंगाल लोकतंत्र की दुर्गति की तरफ बढ़ रहा : सुधांशु त्रिवेदी



भाजपा मुख्यालय में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक तरफ बिहार चुनाव की तरफ बढ़ रहा है, यानी लोकतंत्र की एक नव-गति की तरफ बढ़ रहा है तो दूसरी ओर, उसके बगल में पश्चिम बंगाल लोकतंत्र की दुर्गति की तरफ बढ़ रहा है। आज जिस प्रकार की घटना पश्चिम बंगाल में हुई है, उसे यदि लोकतंत्र का शोक गीत कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आज पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में सांसद और विधायक भी सुरक्षित नहीं हैं। उनके ऊपर इस प्रकार का कातिलाना हमला होता है और इस पर पश्चिम बंगाल सरकार और इंडी गठबंधन के सभी नेताओं की चुप्पी, लोकतंत्र को बहरा करने वाली चुप्पी है। उन्होंने कहा कि उत्तरी बंगाल का अधिकतर हिस्सा बाढ़ की त्रासदी को झेल रहा है। दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का मीडिया में वीडियो उपलब्ध है कि वो कोलकाता में एक उत्सव में नृत्य कर रही हैं। ये दोनों चित्र अपनेआप में हृदय-विदारक हैं। हमारे जनजातीय समाज के वरिष्ठ नेता और दूसरी बार के सांसद पर जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस के लोगों ने हिंसक और कातिलाना हमला किया है- ये दर्शाता है कि पश्चिम बंगाल का शासन निर्लज्ज और निष्ठुर हो गया है। सेवाकार्य में जुटे हुए हमारे नेताओं पर जिस तरह का कातिलाना और हिंसक हमला हुआ है, वह अपने आप में बहुत दुःखद और खतरनाक है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस जब से सत्ता में आई और तब से पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की असंवेदनशीलता चरम पर पहुंच गई है। इस समय, उत्तर बंगाल भीषण बाढ़ से जूझ रहा है और लगभग 28 लोगों की जान जा चुकी है। फिर भी मुख्यमंत्री सार्वजनिक कार्यक्रमों में नाचती नजर आ रही हैं। कुछ दिन पहले ही दुर्गा पूजा के दौरान बिजली के शॉर्ट सर्किट से 12 लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन सरकार ने कोई चिंता नहीं दिखाई। इसके साथ साथ पश्चिम बंगाल की सरकार और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की असंवेदनशीलता भी अपनी पराकाष्ठा के पार है।

# भारी बारिश व बाढ़ से उत्तर बंगाल के चाय बागान प्रभावित, उद्योग ने सहायता की मांग की

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिलों के कई चाय बागान निरंतर बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे फसलों, बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है और हजारों श्रमिकों का कामकाज प्रभावित हुआ है। एक उद्योग संगठन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह कहा। भारतीय चाय संघ (टीएआई) के उत्तर बंगाल इकाई के सचिव सुमित घोष ने बताया कि लगातार भारी बारिश और भूटान से पानी के प्रवाह के कारण, कई बागानों को काफी नुकसान हो रहा है। हमें तत्काल सरकारी सहायता और सुरक्षात्मक उपायों की आवश्यकता है। सबसे बुरी तरह प्रभावित मेचपारा चाय बागान है, जहां बाढ़ के पानी ने लगभग 2,000 चाय की झाड़ियों और 30 हेक्टेयर बागान क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी द्वारा बनाया गया 30 फुट का तटबंध, 100 फुट लंबी सड़क और तीन पुलिया पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, जिससे बागान के भीतर आवाजाही बाधित हो गई है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6,000 श्रमिकों को रोजगार देने वाले इस बागान को वर्ष 2023 में भी इसी तरह की बाढ़ का सामना करना पड़ा था। नागराकाटा चाय बागान में, बारिश का पानी परिसर में घुसने से एक 30 फुट ऊंची फैक्ट्री की दीवार ढह गई, जिससे लगभग 10,000 किलोग्राम प्रसंस्कृत चाय बह गई। नदी ने दक्षिण सुखनबरी डिवीजन में लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र को भी जलमग्न कर दिया। एक पैदल पुल, जो स्कूली बच्चों सहित लगभग 8,000 निवासियों की मदद करता है, अनुपयोगी हो गया है, जबकि मोतीलाल दरभंगा के पास लगभग एक किलोमीटर सड़क बह गई है। टीएआई अधिकारी ने कहा कि कुल अनुमानित नुकसान लगभग 80 लाख रुपये का हुआ है। उद्योग निकाय ने कहा कि कुर्ती चाय बागान में, बाढ़ के पानी ने तीन आंतरिक सड़कों को काट दिया है, कई ह्यूम पाइपों को बहा दिया है, और घाटिया नदी का रुख बागान की ओर मोड़ दिया है, जो 'खतरनाक' है। क्षेत्र का सबसे बड़ा बागान, चेंगमारी चाय बागान भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह एशिया के सबसे बड़े बागानों में से एक है, जिसमें लगभग 3,500 श्रमिक कार्यरत हैं और 1,450 हेक्टेयर भूमि पर खेती होती है। घोष ने कहा कि एस्टेट अस्पताल में भी पानी भर गया है, जिससे मरीजों को बाहर निकालना पड़ा है। अनुमानित कुल नुकसान पांच करोड़ रुपये से 5.5 करोड़ रुपये के बीच है। उन्होंने कहा कि स्थिति गंभीर है। तत्काल हस्तक्षेप के बिना, हजारों श्रमिकों की आजीविका और इन बागानों की स्थिरता खतरे में है। घोष ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों से तत्काल राहत और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।


**Name Change**

I Muhuba Bibi W/o Md Alauddin R/o Airmary, Krishnapur Dinurpara, Murshidabad, West Bengal - 742148, have changed my name to Ehenur Bibi.



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: एसजीडब्ल्यू.272-252-टी-62, दिनांक 03.10.2025, मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नामः डेपुटी सीएसटीई/डब्ल्यू/हावड़ा एवं डेपुटी सीएसटीई/डब्ल्यू/III/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अधीन परियोजना पर्यवेक्षण सेवाओं (पीएसएस) की नियुक्ति। कार्य की अनुमानित लागतः रु. 3,90,35,981.76; जमा की जाने वाली बयाना राशिः रु. 3,45,200; कार्य पूरा करने की अवधिः 24 (चौबीस) महीने। प्रस्ताव की वैधताः निविदा खुलने की तारीख से 120 दिन। निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समयः 05.11.2025 को 15.00 बजे तक। खुलने की तारीख एवं समयः 05.11.2025 को 15.30 बजे। वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीखः भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर दिनांक 03.10.2025 से। वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है: 1. बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। 2. ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। 3. बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। 5. रेलवे बोर्ड पत्रांक 2017/ट्रांस/01/पॉलिसी/पीटी-एस दिनांक 28.03.2018 के अनुसार कार्य अनुबंध (रु. 50.00 करोड़ अथवा अधिक) के लिए इलेक्ट्रॉनिक रिवर्स ऑक्शन (ई-आरए) लागू है।

(CON-44/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### डीवीसी ने 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने सोमवार को झारखंड के मैथन और पांचेत बांधों से 55 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा है, जिससे दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की नई आशंका पैदा हो गई है। राज्य सिंचाई विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नदी क्षेत्रों में पहले से ही लगातार भारी बारिश के कारण जलस्तर बढ़ा हुआ है, इसलिए बाढ़ जैसी स्थिति से बचने के लिए निगरानी कड़ी कर दी गई है। बता दें कि पिछले माह तीन सितंबर को डीवीसी ने अपने बांधों से 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा था, जिसके कारण राज्य सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया जताई थी। दक्षिण बंगाल में बढ़ते जलस्तर के बीच प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की हिदायत दी है।

# दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी की सड़क खुली, पहाड़ों से नीचे लौटने लगे पर्यटक

**सिलीगुड़ी :** लगातार बारिश और भूस्खलन से तबाह उत्तर बंगाल में सोमवार को कुछ राहत मिली है। दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के बीच यातायात मार्ग को अब खोल दिया गया है, जिससे वहां फंसे सैकड़ों पर्यटकों ने नीचे की ओर लौटना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण उत्तर बंगाल का अधिकांश इलाका जलमग्न हो गया था। खासकर, पूजा के मौसम में बड़ी संख्या में दार्जिलिंग पहुंचे पर्यटक भूस्खलन के कारण रास्ते बंद होने से फंस गए थे। रविवार तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 10 पूरी तरह बाधित था, जिससे दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी का संपर्क टूट गया था। सोमवार को मौसम में सुधार के साथ सड़क को आंशिक रूप से साफ किया गया है। अब दार्जिलिंग की ओर आवागमन संभव है। प्रशासन के अनुसार, फंसे हुए पर्यटक अब सुरक्षित रूप से समतल इलाकों की ओर लौट रहे हैं। हालांकि, टाइगर हिल और रॉक गार्डन जैसे कुछ पर्यटन स्थलों पर अब भी लोगों को जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

## सिलीगुड़ी में पर्यटकों के लिए खोला गया हेल्प डेस्क

**सिलीगुड़ी नगर निगम ने दार्जिलिंग सहित विभिन्न स्थानों से आने वाले पर्यटकों के लिए सिलीगुड़ी जंक्शन पर एक हेल्प डेस्क खोला है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर से ही दार्जिलिंग सहित पहाड़ के विभिन्न पर्यटन केंद्रों से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव सोमवार को उक्त हेल्प डेस्क में पहुंचे। मेयर ने इस दौरान बताया कि पर्यटकों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम खोला गया है। इसके अलावा, कंचनजंगा स्टेडियम में युवा आवास, पंथ निवास और अग्रसेन भवन को पर्यटकों के लिए निःशुल्क खोल दिया गया है। पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।**

## कुलतली में फिल्मी अंदाज में तृणमूल नेता पर हमला, चलीं गोलियां और बम

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली में रविवार की शाम तृणमूल कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला हुआ। हमलावरों ने एक के बाद एक गोली और बम चलाए। इस हमले में घायल तृणमूल नेता सलीम को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम सलीम अपने इलाके की एक दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। तभी, अचानक इलाके में बिजली चली गई और अंधेरा छा गया। इसी अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं और बम भी फेंके। सलीम के सीने और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह शक जताया जा रहा है कि इस हमले में कई लोग शामिल थे और इसे पूरी योजना बनाकर अंजाम दिया गया। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह हमला व्यक्तिगत रंजिश के कारण हुआ या इसके पीछे राजनीतिक साजिश है। पुलिस ने घायल नेता सलीम का बयान दर्ज किया है और प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। शाम को व्यस्त इलाके में हुए इस हमले के बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र में भारी बल तैनात कर दिया है।

## उत्तर बंगाल भूस्खलन : जिलाधिकारी कल एसआईआर समीक्षा बैठक में शामिल नहीं होंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल के पहाड़ी, तराई और डूअर्स क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश और भूस्खलनों के चलते जिलाधिकारी बुधवार को होने वाली महत्वपूर्ण एसआईआर समीक्षा बैठक में शामिल नहीं होंगे। यह बैठक राज्य में चुनाव आयोग की विशेष गहन मतदाता सूची सुधार (एसआईआर) की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित की जा रही थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि केवल जिलाधिकारी ही नहीं, बल्कि उनके अधीनस्थ अधिकारी, जिन्हें चुनावी कार्यों के लिए तैनात किया गया था, उन्हें भी बैठक में शामिल होने से छूट दी गई है। निर्णय लिया गया है कि केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम और राज्य के सीईओ बाद में इन जिलों में स्थिति सुधारने के बाद जिलाधिकारियों और उनके अधीनस्थ अधिकारियों के साथ अलग से आभासी बैठक करेंगे। सीईओ कार्यालय के सूत्र ने कहा कि उत्तर बंगाल के जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी बैठक में शामिल नहीं होंगे ताकि वे अपने जिलों में आपदा के बाद बचाव, राहत, पुनर्वास और अन्य संबंधित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। बैठक की अध्यक्षता उपनिर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती करेंगे, जो सात अक्टूबर की रात को कोलकाता पहुंचेंगे। उनके साथ आयोग के सूचना प्रौद्योगिकी निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी होंगे। आठ अक्टूबर को सुबह 10 बजे बैठक शुरू होगी, जबकि 9 अक्टूबर को वरिष्ठ ईसीआई अधिकारियों की टीम कुछ जिलों का दौरा कर सीधे जिला स्तर के चुनावी अधिकारियों से बातचीत करेगी।

# आपदा प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, सरकार पर साधा निशाना



**सिलीगुड़ी :** आपदा प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने सोमवार को राज्य सरकार पर हमला बोला है। कोलकाता से बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद शमिक भट्टाचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने उत्तर बंगाल का सिर्फ़ इस्तेमाल किया है। सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ लोग और कुछ नेता लूट करने उत्तर बंगाल आते है। पता लगाइए कि उत्तर बंगाल के डुआर्स में कितने नेताओं और नौकरशाहों ने ज़मीन मालिकों के नाम पर रजिस्ट्री कर रखी है। यह प्राकृतिक आपदा आज पत्थर माफिया की वजह से है। यह स्थिति नदी से पत्थर और रेत के अवैध खनन और जंगलों की कटाई के कारण है। पिछले 14 सालों से उत्तर बंगाल में लूटपाट चल रही है। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के लिए राज्य सरकार दोषी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर बंगाल पर नज़र रख रहे है और लगातार पूछताछ कर रहे है। भाजपा और केंद्र सरकार हर तरह से असहाय लोगों के साथ खड़ी है।


**रेलवे अधिसूचना**

संख्या. ई/39-11/आरई-टीएम/एलएम/2025 तारीखः 26-09-2025

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के लामडिंग मंडल के परिचालन विभाग में ठेके के आधार पर अवकासप्राप्त कर्मचारियों की पुनःनियुक्ति हेतु अधिसूचना

| समय-सारणी | | |
|---|---|---|
| (1) | ऑनलाइन आवेदन पत्र खुलने की तारीख | 7 अक्तुबर, 2025 |
| (2) | ऑनलाइन आवेदन पत्र बंद होने की तारीख | 22 अक्तुबर, 2025 |

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के लामडिंग मंडल के परिचालन विभाग में निम्नअनुसार रिक्त पदों के विपरीत मासिक पारिश्रमिक के आधार पर **केवल शंटिंग ऑपरेशन एवं साइडिंग कार्य के** अत्यावश्यकीय सेवा हेतु" रेल प्रबंधक श्रेणी के अवकाशप्राप्त कर्मचारियों की पुनःनियुक्ति" योजना के तहत अवकाशप्राप्त रेलवे कर्मचारियों से (अवकाशप्राप्त सामान्य कर्मचारी) आवेदन पत्र आमंत्रित करता हैं:

| क्रमिक सं. | विभाग | श्रेणी | वेतनमान | भर्ती करने वाले पदों की संख्या. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन | रेल प्रबंधक | एल-6 | 13 |
| | | कुल | | 13 |

आवेदन पत्र उपलब्ध निम्नलिखित https://forms.gle/XgPZMFM1QDEuj5ZL7 लिंक के जरिये निम्नलिखित 13 संख्यक पदों के लिए केवल ऑनलाइन के जरिये जमा करना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट लिंक www.nfr.indianrailways.gov.in -general info-Departments-Personnel-Walk in interview पर अवलोकन करें।

मंडल रेलवे प्रबंधक (पी), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"


# उत्तर बंगाल के जंगलों में बाढ़ से कई जंगली जानवरों की मौत



**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल में मूसलाधार बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ में दुआर क्षेत्र के जंगलों से कई जंगली जानवर बह गए हैं और अब तक कम से कम सात जानवरों की मौत होने की सूचना है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुख्य वन्यजीव वार्डन (सीडब्ल्यूडब्ल्यू) संदीप सुंदरियाल ने बताया कि तोरशा, जलढाका, कालजानी और डायना सहित उफनती नदियों से बड़ी मात्रा में पानी आने से क्षेत्र के जंगलों का विशाल हिस्सा जलमग्न हो गया, जिससे वन कर्मियों को बचाव कार्य करने या जानवरों को बचाने के लिए बहुत कम समय मिला। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि दुआर क्षेत्र के वन क्षेत्रों में एक गैंडा, दो तेंदुए और चार सांभर हिरणों की मौत हो गई। सुंदरियाल ने कहा कि हालांकि, पानी कम होने और हमारे दलों के अंदरूनी इलाकों तक पहुंचने के बाद ही एक स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी, जिसमें लगभग एक सप्ताह लग सकता है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जलदापारा और गरुमारा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जो तोरशा, जलढाका, कालजानी और डायना नदियों के पानी के तेज बहाव से जलमग्न हैं। शुरुआत में, दुआर क्षेत्र में कम से कम तीन और गैंडों के अपने आवासों से लापता होने की सूचना मिली थी। बाद में, दो का पता लगा लिया गया, जबकि एक का अभी भी पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि बाकी गैंडे जीवित हैं। जल स्तर कम होने के बाद, उनका पता लगाकर उनके प्राकृतिक आवास में स्थानांतरित करने के प्रयास किए जाएंगे।


ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# हाई कोर्ट के निर्देश के बाद उच्च प्राथमिक में नियुक्ति प्रक्रिया तेज

## एसएससी जल्द शुरू करेगा काउंसलिंग

**कोलकाता :** अदालत के आदेश के बाद स्कूल सर्विस कमीशन ने 2016 के उच्च प्राथमिक भर्ती की प्रक्रिया को फिर से शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया में कुल 1,241 उम्मीदवारों की नियुक्ति अभी तक नहीं हुई थी। कोलकाता हाई कोर्ट ने इन उम्मीदवारों की जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया था।



एसएससी सूत्रों के अनुसार, कोर्ट का निर्देश मिलने के बाद अब 1,241 अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर तेजी से तैयारी शुरू हो गई है। बहुत जल्द इस संबंध में काउंसलिंग की तारीख और समय की घोषणा की जाएगी।

इससे पहले एसएससी ने आठ चरणों में कुल 12,723 उम्मीदवारों की काउंसलिंग पूरी की थी, जिनमें से 9,700 उम्मीदवारों की नियुक्ति उच्च प्राथमिक शिक्षक पद पर हो चुकी है। शेष उम्मीदवारों ने विभिन्न कारणों से काउंसलिंग में हिस्सा नहीं लिया – कुछ को राज्य या केंद्र सरकार के विभागों में नौकरी मिल गई, जबकि कुछ निजी संस्थानों में उच्च वेतन पर कार्यरत हो गए।

अब एसएससी शेष 1,241 पदों की भर्ती के लिए नई काउंसलिंग शुरू करने जा रहा है। इसके लिए आयोग ने शिक्षा विभाग से खाली पदों का अद्यतन विवरण मांगा है। शिक्षा विभाग ने यह सूचना एकत्र करने के लिए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओ) को निर्देश भेजे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, कई जिलों में निरीक्षक तेजी से डेटा इकट्ठा करने में जुटे हैं। उम्मीद है कि दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद यह जानकारी एसएससी को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद काउंसलिंग की तारीखों की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

## तनाव खत्म, कोलकाता और जादवपुर सहित आठ विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति

**कोलकाता :** लंबे समय से चल रहे विवाद और तनातनी के बाद आखिरकार राज्य के आठ विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति हो गई है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने यह कदम उठाया। इन विश्वविद्यालयों में कोलकाता विश्वविद्यालय, जादवपुर विश्वविद्यालय और उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं, जहां अब तक कार्यभार अस्थायी कुलपति संभाल रहे थे।

**इन आठ विश्वविद्यालयों में जिन शिक्षाविदों को स्थायी कुलपति नियुक्त किया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं –**




- कोलकाता विश्वविद्यालय – **आशुतोष घोष**
- जादवपुर विश्वविद्यालय – **चिरंजीव भट्टाचार्य**
- उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय – **ओमप्रकाश मिश्रा**
- रायगंज विश्वविद्यालय – **अर्णब सेन**
- गौर बंग विश्वविद्यालय – **आशीष भट्टाचार्य**
- काजी नजरुल विश्वविद्यालय – **उदय बंद्योपाध्याय**
- साधु रामचंद्र मुर्मू विश्वविद्यालय – **चंद्रदीपा घोष**
- विश्व बांग्ला विश्वविद्यालय – **अबू तालिब**

इन सभी विश्वविद्यालयों में अब तक अस्थायी कुलपति कार्यरत थे। स्थायी कुलपति की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल की स्वीकृति आवश्यक होती है। इस प्रक्रिया में सहमति न बनने से लंबे समय से जटिलता बनी हुई थी, जो अंततः सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से उच्च शिक्षा जगत में स्थिरता लौटी और आठों विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की घोषणा कर दी गई।

## पूर्व रेलवे की कई ट्रेनों के समय में किया गया बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने डाउन लिंक ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण कुछ प्रमुख ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन की घोषणा की है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के सुचारु संचालन को देखते हुए तीन ट्रेनों के समय में संशोधन किया गया है। इसके तहत, 13141 सियालदह–न्यू अलीपुरद्वार तीस्ता तोर्सा एक्सप्रेस 06 अक्टूबर की दोपहर 15:00 बजे की बजाय 07 अक्टूबर को रात 00:30 बजे सियालदह से रवाना होगी। इसी प्रकार 13149 सीलदह–अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस अब 06 अक्टूबर की रात 20:30 बजे के स्थान पर 07 अक्टूबर को 00:15 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, 12345 हावड़ा–गुवाहाटी सारायघाट एक्सप्रेस अब 06 अक्टूबर को शाम 16:05 बजे की जगह 22:20 बजे हावड़ा से चलेगी। यह ट्रेन पहले 20:45 बजे के लिए पुनर्निर्धारित की गई थी।

## कोलकाता और दमदम में स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत नागरिकों और रेलवे अधिकारियों के बीच संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह पहल अमृत काल की दृष्टि और प्रधानमंत्री द्वारा प्रदत्त पंच प्रण के सिद्धांतों के अनुरूप शुरू की गई है और रेल चौपाल की अवधारणा से प्रेरित है। कार्यक्रम में पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन तथा वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने कोलकाता और दमदम जंक्शन जैसे अमृत भारत स्टेशनों पर यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया। सत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन विकास के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें अपग्रेडेड वेटिंग हॉल और टॉयलेट्स, लिफ्ट व एस्केलेटर सुधार, यात्रियों के लिए सूचना प्रणाली, मुफ्त वाई–फाई, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट कियोस्क, लैंडस्केपिंग और दिव्यांगजन के लिए सुविधाएं शामिल हैं। यात्रियों ने आधुनिक सुविधाओं की सराहना की और कर्मचारियों ने नागरिकों को स्टेशन परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और रखरखाव में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

## चालकों की कमी से जूझ रहा अग्निशमन विभाग, चालकों के 791 पद है रिक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल का अग्निशमन विभाग चालकों की कमी से जूझ रहा है। अग्नशमन केंद्रों में दमकल गाड़ी है लेकिन उसे चलाने के लिए चालक की भारी कमी है। इसके चलते कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जा रही है कि आग लगने पर दमकल गाड़ियां चलाने के लिए समय पर चालक नहीं रहते। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार, राज्य के 167 अग्निशमन केंद्रों में 1,500 'फायर इंजन ऑपरेटर कम ड्राइवर' (एफईओडी) होने चाहिए, जो गाड़ियों को चलाते हैं। लेकिन हकीकत में, इनकी संख्या केवल 709 है। यानी 791 पद खाली हैं। राज्य में 2011 में परिवर्तन के बाद कई नए अग्निशमन केंद्रों का उद्घाटन हुआ है। राज्य में तृणमूल के सत्ता में आने से पहले 102 अग्निशमन केंद्र थे। अब यह संख्या 167 हो गई है। दस अतिरिक्त अस्थाई अग्निशमन केंद्र भी हैं। लाखों रुपये की आधुनिक तकनीक वाली गाड़ियां आ रही हैं, लेकिन उन सबको चलाने वाले लोग कहां हैं? राज्य अग्निशमन विभाग में सिर्फ चालक ही नहीं बल्कि संभागीय अधिकारी (डीओ) की भी कमी है। राज्य अग्निशमन विभाग के 23 संभागों में 34 संभागीय अधिकारी (डीओ) होने चाहिए, लेकिन सिर्फ 14 है। आरोप है कि हर संभागीय अधिकारी को कई जिलों का काम संभालने में दिक्कत हो रही है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि पूरा अग्निशमन विभाग कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। रोज नए दमकल केंद्रों और गाड़ियों का उद्घाटन हो रहा है, लेकिन काम चलाने के लिए लोग कहां हैं?

## महेशतला में कार शोरूम में लगी भीषण आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** लक्ष्मी पूजा की शाम दक्षिण 24 परगना के महेशतला में एक कार शोरूम में आग लग गई। महेशतला के वार्ड 11 में बज़बज़ ट्रांग रोड पर मॉरिस गैराज नामक एक कार सर्विस सेंटर और शोरूम में भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने सोमवार की रात करीब 9:45 बजे शोरूम में आग देखी। पुलिस और दमकल विभाग को तुरंत सूचित किया गया। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। भारी संख्या में पुलिस बल भी पहुंचा। आग की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने माइक का इस्तेमाल कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर पहुंचाया। दमकल विभाग की एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी।

## कांचरापाड़ा आरपीएफ एमडीएसटीआई में 6–लेन फायरिंग सिम्युलेटर का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के कांचरापाड़ा स्थित आरपीएफ मल्टी–डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में सोमवार को स्टेट–ऑफ–द–आर्ट 6–लेन फायरिंग सिम्युलेटर का उद्घाटन किया गया। इस डिजिटल सिम्युलेटर का उद्घाटन अमियानंदन सिन्हा, आईजी–कम–पी–सीएससी/आरपीएफ, पूर्व रेलवे द्वारा किया गया। 78 लाख रुपये की लागत से विकसित इस आधुनिक सिम्युलेटर का उद्देश्य आरपीएफ कर्मियों की मार्क्समैनशिप, सुरक्षा जागरूकता और छोटे हथियारों जैसे आईएनएसएएस और एआरएम/एके–47 राइफल के संचालन में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बेहतर बनाना है। अनुमान है कि इस प्रशिक्षण प्रणाली से लगभग 6,000 कर्मियों को लाभ मिलेगा। यह पहल पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल की पेशेवर दक्षता और परिचालन तत्परता को मजबूत करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## राज्य में घर-घर व दुर्गा मंडपों में हुई कोजागरी लक्खी पूजा

**कोलकाता, समाज्ञा**



अपने आवास में पूजन करते तृणमूल सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय एवं विधायक नयना बंद्योपाध्याय

बंगाल में सोमवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोलकाता समेत पूरे प्रदेश में भक्ति का माहौल रहा। घर–घर कोजागरी लक्खी की पूजा–अर्चना हुई। वहीं, राज्य सहित महानगर कोलकाता के तमाम दुर्गा पूजा मंडपों में कोजागरी लक्खी पूजा की गई। राज्य में उत्साह व उमंग और श्रद्धा–भक्ति के बीच कोजागरी लक्खी की पूजा की गई। राज्य के प्राय सभी घरों में इस दिन धन की देवी का आह्वान करने के साथ ही भव्य व पारम्परिक तरीके से श्रृंगार किया गया। कहीं मिट्टी की प्रतिमा तो कहीं पर एक ही मिट्टी की थाल पर देवी की पूजा की गई। कुछ पुराने घरों में अष्टधातु या फिर पीतल की प्रतिमा को नथ, मुकुट व गहनों से सजाया गया। घर की महिलाओं ने भी लालपाड़ साड़ियां या लाल रंग की साड़ी पहनकर देवी की आराधना की। पूजा के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। महानगर के हर कोने से शंख, घंटा के साथ ही आरती की घंटी की आवाज गूंजती रही।

## एनबीबीएल ने बंधन बैंक के रिटेल लोन को भारत कनेक्ट प्लेटफॉर्म से जोड़ा

- **ईएमआई भुगतान होगा आसान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड ने सोमवार को घोषणा की कि बंधन बैंक को उसके भारत कनेक्ट प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है।

इस इंटीग्रेशन से अब बंधन बैंक के ग्राहक अपने पर्सनल, ऑटो और टू–व्हीलर लोन की ईएमआई का भुगतान अधिक आसानी से कर सकेंगे। ग्राहक एम बंधन ऐप, रिटेल इंटरनेट बैंकिंग या भारत कनेक्ट से जुड़े 700 से अधिक ऐप्स और वेबसाइट्स के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। यह साझेदारी डिजिटल रीपेमेंट की सुविधा को और विस्तारित करेगी तथा ग्राहकों को समय पर भुगतान के लिए अधिक डिजिटल विकल्प उपलब्ध कराएगी। एनबीबीएल की एमडी एवं सीईओ नूपुर चतुर्वेदी ने कहा कि यह सहयोग डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूत करेगा। वहीं, बंधन बैंक के ईडी एवं सीओओ रतन कुमार केश ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सशक्त डिजिटल रीपेमेंट अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## मोबाइल की लत ने ली जान, सबंग में नाबालिग छात्र ने की आत्महत्या

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मोबाइल की लत किसी नशे से कम नहीं। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सबंग ब्लॉक में रविवार को घटी एक दर्दनाक घटना ने इस सच्चाई को फिर उजागर कर दिया। मोबाइल फोन की लत से परेशान एक 16 वर्षीय छात्र ने कथित रूप से कीटनाशक खाकर अपनी जी–वनलीला समाप्त कर ली। मृत छात्र का नाम बुद्धदेव मंडल बताया गया है। घटना सबंग ब्लॉक के बड़चाहरा क्षेत्र की है। बताया जाता है कि बुद्धदेव सबंग के चांदकुड़ी यूनियन हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का छात्र था। कुछ महीनों से वह मोबाइल पर अत्यधिक समय बिताने लगा था। परिजनों के बार–बार मना करने के बावजूद वह पढ़ाई से ध्यान हटाकर फोन में ही डूबा रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया शनिवार की शाम को पिता–माता ने जब उसे मोबाइल छोड़कर पढ़ने के लिए कहा, तो घर में कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर बुद्धदेव घर से कीटनाशक की बोतल लेकर कहीं निकल गया और कहा कि वह अपनी जान दे देगा। परिजनों ने पहले इसे उसकी नाराजगी समझकर अनद–ेखा किया, लेकिन जब देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन शुरू हुई। रविवार घर के सामने सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक के भीतर (डाले में) उसका शव मिला। उसे तुरंत सबंग ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया है और एक अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि छात्र ने मोबाइल की लत और पारिवारिक नाराज़गी के कारण आत्मघात किया।

## वीवो ने लॉन्च किया दिवाली कैम्पेन 'जॉयऑफ़होमकमिंग'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** दिवाली रोशनी, प्यार और एकजुटता का त्योहार है, एक ऐसा समय जब घरों में उमंग और अपनापन भर जाता है। इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने अपने नए दिवाली कैम्पेन फिल्म के साथ जॉयऑफ़होमकमिंग मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया है, जिसे एफसीबी इंडिया के सहयोग से तैयार किया गया है। गीताज चन्नाना, हेड ऑफ कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, वीवो इंडिया ने कहा हर साल वीवो अपने दिवाली कैम्पेन के ज़रिए घर वापसी की भावना का उत्सव मनाता है, क्योंकि हमारा मानना है कि यह त्योहार केवल उस दिन का नहीं बल्कि उसकी तैयारियों के सफर का भी उत्सव है। मयुरेश, सीसीओ, एफसीबी एनईओ ने कहा आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में दिवाली पर घर लौटना कई बार एक औपचारिकता जैसा लगता है। हम लोगों को याद दिलाना चाहते थे कि असली जादू लाइट्स में नहीं, बल्कि उन छोटे–छोटे कामों में है जो परिवारों को ख़ामोशी से जोड़ते हैं।

## गिरीश पार्क में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था, भक्ति भाव से देवी लक्ष्मी की पूजा अर्चना की



**कोलकाता :** हिन्दू महासभा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति –2025 द्वारा गिरीश पार्क में लक्ष्मी पूजा के उद्घाटन समारोह में समर्पण ट्रस्ट के महासचिव, समाजसेवी प्रदीप ढ़ेडिया, अमन ढ़ेडिया एवं अतिथियों ने पूजा समिति के अध्यक्ष पार्षद राजेश सिन्हा, चेयरपर्सन धीरा रॉय एवं कार्यकर्ताओं की धार्मिक निष्ठा की सराहना की। विजय मेहरा ने बताया कि देवी लक्ष्मी की अलौकिक मूर्ति, भव्य पंडाल विशेष आकर्षण है। इस वर्ष हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था, भक्ति भाव से देवी लक्ष्मी, देवी दुर्गा की पूजा – अर्चना की। गिरीश पार्क में पूजा में झूलों का आनंद दर्शनार्थियों ने सपरिवार लिया। सांस्कृतिक आयोजन के कलाकारों की सभी ने सराहना की। पूजा उत्सव की सफलता के लिये अरविन्द वाजपेयी, मुकेश मेहरा, डॉ. श्यामल घोष, राजेंद्र ढांढनिया, नरेश मेहरा, चेतन जैन, रमेश कपूर, उमाशंकर कपूर, भोला टंडन, संजीव अग्रवाल, राकेश मेहरा, डॉ. आर एस मिश्रा, रामरतन सिंह, राजेश शर्मा एवं कार्यकर्त्ता सक्रिय हैं।

## आरपीएफ, आईआरआईडीएम और एनडीआरएफ ने आपदा बचाव प्रशिक्षण में किया ऐतिहासिक समझौता



**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा बल, भारतीय रेल आपदा प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के बीच सोमवार को नई दिल्ली में एक त्रिपक्षीय समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य आरपीएफ कर्मियों को प्रशिक्षित 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स' के रूप में तैयार करना है, ताकि आपदा के गोल्डन आवर में त्वरित बचाव और राहत कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सके। इस अवसर पर एनडीआरएफ के महानिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला, आईआरआईडीएम के निदेशक वी.वी. एस. श्रीनिवास और जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी, लखनऊ के निदेशक बी. वेंकटेश्वर राव ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत आरपीएफ कर्मियों को एनडीआरएफ बटालियन में लघु–अवधि प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें आपदा प्रतिक्रिया, खोज एवं बचाव, बाढ़/जल–आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और संयुक्त अभ्यास जैसे विषय शामिल होंगे। इसके बाद आईआरआईडीएम, बेंगलुरु में संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आरपीएफ और एनडीआरएफ कर्मी एक साथ भाग लेंगे। एमओयू के अंतर्गत जेआर आरपीएफ अकादमी, लखनऊ को प्रशिक्षण के लिए नोडल संस्थान के रूप में नामित किया गया है। यह पहल पूरे देश में रेलवे सुरक्षा बल के लिए लागू होगी और आरपीएफ एवं एनडीआरएफ के बीच आपदा प्रतिक्रिया में सुदृढ़ सहयोग ढांचा तैयार करेगी, जिससे देशभर में रेल यात्रियों की सुरक्षा और राहत कार्यों की क्षमता नई ऊंचाई पर पहुंचेगी।

## हावड़ा मंडल ने स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस पर चलाया व्यापक स्वच्छता और निरीक्षण अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा और स्पेशल कैंपेन 5.0 - 2025 के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल में एक व्यापक स्वच्छता और निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसके तहत ट्रेनों की गहन सफाई और जांच की गई। अधिकारियों और पर्यवेक्षकों की समर्पित टीमों ने वॉशिंग लाइनों पर खड़ी ट्रेनों की सफाई की, जिसमें प्राइमरी बेस रेक्स और स्टेबल्ड रेक्स दोनों शामिल थे। अभियान के दौरान सभी कोचों में स्वच्छता और हा–इजीन के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया गया। निरीक्षण में टॉयलेट्स की जांच, कोचों के आंतरिक और बाहरी हिस्सों की सफाई, तथा यात्रियों को उपलब्ध लिनन की गुणवत्ता की जांच भी शामिल रही। इसके साथ ही, पेंट्री कारों की स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि स्वच्छ और सुरक्षित खानपान सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल हावड़ा मंडल की यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## कपड़े विहीन वृद्धा की हत्या, हाथ-पैर बंधे मिले शव से इलाके में सनसनी

**बिष्णुपुर :** दुर्गा पूजा के उल्लास के बीच बिष्णुपुर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह एक वृद्धा का नग्न शव उसके घर के अंदर पाया, जिसके हाथ–पैर बंधे हुए थे। घर का दरवाज़ा बाहर से बंद था, जिससे यह साफ़ झलकता है कि हत्या की गई है।

मृतका अकेली रहती थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, वृद्धा को पंचमी के दिन आखिरी बार देखा गया था। सोमवार को जब आसपास के लोगों को घर से दुर्गंध आई, तो उन्होंने दरवाज़ा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और शव को देखकर सन्न रह गए।

रसभाली ग्राम पंचायत के सदस्य गोपाल नस्कर ने आरोप लगाया कि वृद्धा के साथ शारीरिक उत्पीड़न किया गया और उसके शरीर से सोने के गहने लूट लिए गए। उन्होंने कहा, अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जानी चाहिए।

इस भयावह हत्या की खबर से पूरे इलाके में चौंकाने वाला माहौल बन गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही बिष्णुपुर थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है, जिसमें लूट, यौन उत्पीड़न और पूर्व परिचित की संलिप्तता जैसे कोणों की भी जांच की जा रही है।

## गारियाहाट में रहस्यमयी मौत, 63 वर्षीय की बेड पर मिली लाश

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्वी जिले के गारियाहाट पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां 63 वर्षीय बुजुर्ग रतन देहनाथ की अचानक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मंगल शिखा नामक चार मंजिला आवासीय भवन के तीसरे तल पर स्थित उनके कमरे में सुबह करीब 7 बजे उन्हें बेड पर बेहोश अवस्था में पाया गया। अस्पताल ले जाते समय उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि देहनाथ उनके बेटे कृष्णा गोपाल देहनाथ के साथ रहते थे, जो बेतपुर, चकबंगरिया, पूर्वी बर्धमान के निवासी हैं। बेटे ने बताया कि सुबह उठने पर पिता को बेड पर लेटे हुए पाया, लेकिन उनकी सांसें चल रही लगीं। तत्काल उन्हें गारियाहाट पीएस से जुड़े सीएनएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें लाया तमाम मौत घोषित कर दी।

## पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने 10 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रूप से बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते अभियान के तहत 05 अक्टूबर को 10 नाबालिग बच्चों को बचाया। हावड़ा और मालदह डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने डानकुनी, हावड़ा, वर्दवान, बकुड़ी और बरहरवा रेलवे स्टेशनों से कुल 10 नाबालिग लड़के और लड़कियों को सुरक्षित रूप से बचाया। बचाए गए बच्चों में से दो बच्चे डानकुनी और हावड़ा स्टेशनों पर बिना उद्देश्य घूमते पाए गए, दो लड़कियां पारिवारिक विवाद के कारण घर से भागी थीं, जबकि छह बच्चे माता–पिता की डांट के बाद घर छोड़कर निकल गए थे। सभी नाबालिगों को आवश्यक काउंसलिंग और संरक्षण के लिए संबंधित चाइल्ड लाइन अधिकारियों को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया।

## बारुइपुर में बांग्लादेशी नागरिक समेत दो गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुइपुर थाने ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मोहम्मद सुजन मोल्ला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह 2018 में अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में घुसा था। आरोपी उत्तर 24 परगना में बशीरहाट सीमा के रास्ते भारत में दाखिल हुआ था। पता चला है कि तब से वह शख्स बारुइपुर के चंपाहाटी सोल गोवालिया इलाके में फर्जी पहचान पत्र के साथ रह रहा था। कथित तौर पर, सुजन ने आलमगीर मोल्ला नाम के एक स्थानीय व्यक्ति को अपना 'पिता' बताकर आधार कार्ड, वोटर कार्ड और यहां तक कि पैन कार्ड भी बनवा लिया था। पुलिस की जांच में और भी सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। सुजन के पास से एक अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। माना जा रहा है कि वह इन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल करके सीमा पार करता था। इतना ही नहीं, सुजन एक डकैती गिरोह से भी जुड़ा था। पुलिस के मुताबिक, उसका काम बाइक और मोबाइल फोन चुराकर उन्हें बांग्लादेश में तस्करी करना था। सुजन ही नहीं, पुलिस ने इस घटना में उसकी मदद करने के आरोप में आलमगीर मोल्ला को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो मोबाइल फोन, कई फर्जी दस्तावेज और एक पासपोर्ट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि वह इतने लंबे समय तक अधिकारियों से कैसे बचता रहा।

# बड़ाबाजार स्थित प्रसिद्ध मिठाई की दुकान में खून से लथपथ हालत में मिला कर्मचारी

**❑ जोड़ाबागान थाना जांच में जुटी, एक गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार इलाके में स्थित नामचीन मिठाई की दुकान गंगूराम का एक कर्मी रहस्यमय अवस्था में खून से लथपथ अवस्था में मिला। पुलिस व स्थानीय लोगों के अनुसार, सोमवार को जोड़ाबागान थाना अंतर्गत मालापाड़ा के 36 के.के. टैगोर स्ट्रीट में उक्त घटना घटी। उक्त तरह घटना व्यस्त जोड़ाबागान इलाके में कैसे घटी यह जांच का विषय है। मिठाई दुकान के मालिक की लिखित शिकायत के आधार पर जोड़ाबागान




थाना में लिखित शिकायत दर्ज की गयी है। जांच के दौरान, पीड़ित के सहकर्मी रबिन रुद्र (60 वर्ष), पीएस – मोंटेश्वर, पूर्व बर्दवान को गिरफ्तार किया गया है।

वारदात दुकान के ऊपर स्थित स्टाफ क्वार्टर में हुई। पुलिस का कहना है कि गंभीर तौर पर घायल की पहचान इस प्रसिद्ध मिठाई बनाने वाली दुकान गंगूराम के कर्मी गौतम प्रधान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना तब सामने आई जब प्रधान के ड्यूटी पर आने का पता नहीं चला और न ही उन्होंने अपने सहकर्मियों के बार-बार फोन करने पर भी कोई जवाब दिया, जिससे कर्मचारियों को संदेह हुआ। अन्य कर्मचारियों ने आखिरकार प्रधान के क्वार्टर का दरवाजा किसी तरह खोला, तो उन्हें प्रधान खून से लथपथ अचेत पड़ा मिला। फर्श पर खून फैला हुआ था। घायल कर्मी को उसके सहकर्मियों ने तुरंत गंभीर हालत में पास के मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंचाया गया। जोड़ाबागन थाने को तुरंत सूचित किया गया और अधिकारी अपनी प्रारंभिक जांच शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। प्रधान के पास एक एक धारदार चाकू पड़ा मिला, जिसे पुलिस ने तुरंत फॉरेंसिक जांच के लिए ज़ब्त कर लिया। जांचकर्ताओं ने पुष्टि की कि प्रधान के गले पर गहरे घाव थे, जिससे काफी खून बह गया था। गौतम प्रधान की मौत को लेकर पुलिस तमाम भावनाओं के बीच उलझ गई है। सवाल उठ रहा है कि क्या उस पर किसी अज्ञात हमलावर ने हिंसक हमला किया था, या उन्होंने आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उक्त वारदात के रहस्य को सुलझाने के लिए, पुलिस ने दुकान परिसर में रहने और काम करने वाले अन्य कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ शुरू कर रही है। पुलिस ने बताया कि कमरे की पूर्ण फोरेंसिक जांच की जाएगी, ताकि उंगलियों के निशान और खून के छींटों के पैटर्न सहित साक्ष्य एकत्र किए जा सकें। पुलिस का कहना है कि प्रधान की हालात बेहद गंभीर है और उनसे पूछताछ नहीं हो सकी है। वह बोलने के हालात में भी नहीं है।

# डानकुनी में युवक के घर से महिला का रक्तरंजित शव बरामद, गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के डानकुनी थाना अंतर्गत वार्ड 18 में एक युवक के घर से एक महिला का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। बाद में, अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का नाम शाश्वत बायन है। स्थानीय और प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, शाश्वत बायन डानकुनी नगरपालिका के वार्ड 18 स्थित कालीपुर मैसलपाड़ा में रहता है। युवक के घर से 35 वर्षीय एक महिला लहूलुहान हालत में बरामद हुई। इसके बाद, स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाया। इसकी सूचना डानकुनी थाने को दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस



ने घायल महिला को श्रीरामपुर वाल्स अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी मौत हो गई। युवक के पड़ोसी एक दंपति ने बताया कि पत्नी को छोड़ने के बाद से युवक अक्सर नई महिलाओं को अपने घर लाता था। वह रात के दो या तीन बजे घंटी बजाता था। पड़ोसी हर दिन चीखने-चिल्लाने और गाली-गलौज से तंग आ चुके थे। बताया गया है कि गत रविवार की रात करीब 10 बजे के बाद भी ऐसी ही घटना हुई। लेकिन, हद हो गई और पड़ोसियों ने जाकर देखा तो घर के अंदर एक अनजान महिला लहूलुहान हालत में पड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि उसके सिर पर किसी भारी चीज़ से वार किया गया होगा। खबर मिलने पर स्थानीय तृणमूल पार्षद सूर्या दे मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में पुलिस का अनुमान है कि उपद्रव के दौरान दीवार से सिर टकराने से महिला गंभीर रूप से घायल हुई होगी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। उसे सोमवार को श्रीरामपुर कोर्ट में पेश किया गया।

### बेलदा में पिकअप वैन हादसा, चालक और हेल्पर घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के बेलदा बखराबाद इलाके में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे 16 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर एक पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वैन बेलदा की ओर जा रही थी और चालक नियंत्रण खो बैठा। वैन सड़क पर खड़ी एक बकरी को बचाने के प्रयास में खेत में पलट गई। पिकअप वैन में चिंगड़ी मछली के अंडे लदे हुए थे, जिससे हादसे की स्थिति और संवेदनशील हो गई। हादसे में चालक और उसके एक हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अचानक सड़क पर पलटी हुई वैन देखकर दौड़ते हुए मदद की। बेलदा थाना पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने प्रशासन से इस सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने और गति नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने की अपील की है। घायल चालक और हेल्पर को बेलदा स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## खानाकुल में अघोषित बाढ़, डीवीसी के पानी से डूबे खेत-खलिहान

**हुगली, समाज्ञा :** लगातार बारिश और डीवीसी की ओर से बार-बार पानी छोड़े जाने से खानाकुल के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। खानाकुल-2 ब्लॉक के मारोखाना पंचायत और खानाकुल-1 ब्लॉक के खानाकुल-2 पंचायत क्षेत्र के कई गांवों में पानी घुस गया है। खेत-खलिहान के साथ-साथ गांव की सड़कों पर भी जलभराव होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

रूपनारायण और मुंडेश्वरी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जल दबाव बढ़ने पर पानशिउली बाजार के पास रूपनारायण नदी पर बना बांस का पुल खोलना पड़ा। अब हुगली-हावड़ा संपर्क के लिए नाव ही सहारा बनी है।

स्थानीय किसानों का आरोप है



कि मानसून की शुरुआत से लगातार डीवीसी द्वारा पानी छोड़े जाने के कारण पिछले तीन महीनों से खेतों में जलभराव है। इस वजह से इस बार कोई खेती संभव नहीं हो सकी। दुर्गापूजा बीतते ही एक बार फिर पानी छोड़ा गया और बारिश जारी है, जिससे सब्जी की खेती पर भी संकट गहराया है। किसानों की आशंका है कि यदि यही हालात बने रहे तो इस साल फसल उगाना मुश्किल हो जाएगा

# छत्तीसगढ़ से लौटते समय सड़क हादसे में पांच की मौत

## मृतकों में हुगली की शिक्षिकाएं और उनके परिजन

**हुगली :** दुर्गा पूजा की छुट्टियों में घुमने गए हुगली जिले के डानकुनी श्रीरामकृष्ण विद्याश्रम उच्च बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं और उनके परिवार के साथ बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के कान्हा नेशनल फॉरेस्ट से लौटते समय बिलासपुर स्टेशन की ओर जा रही उनकी एसयूवी कार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक से आमने-सामने टकरा गई। वाहन में चालक सहित कुल दस लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी घायलों का इलाज वहां के एक निजी अस्पताल में




चल रहा है।

मृतकों में श्रीरामपुर की निवासी मुनमुन बाग और उनका बेटा भी शामिल हैं। मुनमुन डानकुनी श्रीरामकृष्ण विद्याश्रम की शिक्षिका थीं। हादसे की खबर मिलते ही उनका पति तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

हुगली जिला परिषद के शिक्षा कार्याध्यक्ष सुबीर मुखोपाध्याय ने स्कूल की प्रधानाचार्या, जिला निरीक्षक (डीआई) और अतिरिक्त जिलाधिकारी (विकास) से संपर्क कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही मर्माहत करने वाली घटना है। डानकुनी स्कूल की शिक्षिकाएं ही नहीं, बल्कि वर्तमान में कोलकाता के एक विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षिका भी इस टूर में शामिल थीं। छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता होगी तो हमारे सांसद भी हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे।

## बांग्लादेश सीमा पर मवेशियों की तस्करी रोकने के दौरान बीएसएफ निरीक्षक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मवेशी तस्करी की कोशिश को नाकाम करते समय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59 वर्षीय एक निरीक्षक की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के मालदा जिले में बीएसएफ की आगरा सीमा चौकी (बीओपी) के पास चार अक्टूबर की मध्यरात्रि के आसपास हुई इस घटना की 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ निरीक्षक कपिल देव सिंह एक टीम का नेतृत्व कर रहे थे, तभी जवानों ने देखा कि पशु तस्कर भारत से भैंसों को बांग्लादेश ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, तस्करों को रोकने के लिए जवानों ने अपनी 'पंप एक्शन गन' (गैर घातक हथियार) से गोलियां चलाईं, जिसके बाद तस्करों ने सुरक्षाकर्मियों पर 'दाह' (बड़ा चाकू) समेत धारदार हथियारों और लाठियों से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ की 88वीं बटालियन के निरीक्षक सिंह तस्करों का पीछा कर रहे थे, तभी दलदली और पानी से भरे इलाके में फिसलकर बेहोश हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निरीक्षक को कोई बाहरी चोट नहीं आई और उनकी मौत के सही कारण का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार है।

## सर्वधर्म समन्वय के विजया सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व सांसद दंपति

**हुगली, समाज्ञा**

सर्वधर्म समन्वय के विजया सम्मेलन का आयोजन तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद अपरूपा पोद्दार के सौजन्य से किया गया। आरामबाग के पारुल रथतला में यह सर्वधर्म समन्वय का सम्मेलन संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सर्वधर्म समन्वय समिति के राज्य सचिव सुमन बनर्जी, रिसड़ा नगरपालिका के चार नंबर वार्ड के पार्षद शाकिर अली, आरामबाग नगर पालिका के चेयरमैन समीर भंडारी सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। अपरूपा पोद्दार ने कहा कि 'मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल में सौहार्द्र और एकता का वातावरण बना है। मुख्यमंत्री सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखती हैं। दुर्गा पूजा के समय सभी धर्मों के लोग एकजुट होकर भाग लेते हैं, यही बंगाल की संस्कृति व असली पहचान है।'

शाकिर अली ने कहा कि सर्वधर्म समन्वय बंगाल की संस्कृति का प्रतीक है। बीजेपी नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम सब एकजुट होकर उन्हें जवाब देंगे। बंगाल की धरती पर सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर रहते हैं।' कार्यक्रम के अंत में सामूहिक नमाज और शांतिपाठ का आयोजन कर राज्य में सौहार्द्र और शांति की कामना की गई।

# रेड रोड के पूजा कार्निवल के पास बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

## 10 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के रेड रोड पर गत रविवार को आयोजित दुर्गा पूजा कार्निवल के पास या निमंत्रण बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर एक स्टेटस के जरिए उन पासों की बिक्री की घोषणा की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दक्षिण कोलकाता के हरिदेवपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अरुणेश शील है। बता दें कि कोलकाता के रेड रोड पर आयोजित कार्निवल को देखने के लिए कई आम लोग इच्छुक होते हैं। बिना निमंत्रण के वहां जाना संभव नहीं है। उन निमंत्रणों को बेचना पूरी तरह से अवैध है। पता चला है कि हरिदेवपुर थाना क्षेत्र का निवासी वह व्यक्ति उस पूजा कार्निवल के लिए अलग-अलग जगहों से कई पास इकट्ठा किया था। फिर, उसने सोशल मीडिया पर पासों की बिक्री की घोषणा की। उस पोस्ट को प्राप्त करने के बाद, कई लोगों ने उससे संपर्क किया। बताया गया कि पास पांच हजार रुपये प्रति पास बेचा गया था। खबर है कि उन पासों को सौदेबाजी करके तीन से चार हजार रुपये में भी बेचा गया था। शेक्सपियर थाना पुलिस को घटना की जानकारी मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

सोमवार को पुलिस ने अरुणेश शील नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से कई कार्निवल पास बरामद किए गए। इसी दिन, आरोपी को बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया। जज ने आरोपी को 10 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन पासों की बिक्री में कोई और तो शामिल नहीं है।

## हावड़ा में एटीएम में फंसे कार्ड के साथ फर्जी हेल्पलाइन नंबर से बचा ग्राहक

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बाली इलाके में एक राज्यायत्त बैंक के ग्राहक ठगी से बाल-बाल बच गए। जब उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया और उन्होंने फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने से पहले सतर्कता दिखाई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाली नगरपालिका के उल्टो तरफ जीटी रोड पर दो एटीएम स्थित हैं, जिनके काउंटर पर कुछ शातिरों ने फर्जी हेल्पलाइन नंबर लिख दिया था। सोमवार सुबह जब ग्राहक पैसे निकालने गए, तो कार्ड मशीन में फंस गया। उन्होंने तुरंत कॉल नहीं किया, बल्कि आसपास के लोगों को बुलाकर स्थिति दिखाई और बाली थाने व बैंक को सूचना दी। जांच में पता चला कि एटीएम पर



लिखा नंबर फर्जी था, और अगर कॉल किया होता तो ठग पैसे हड़प सकते थे। फिलहाल, दोनों एटीएम को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### बंग साहू समाज के स्थापना दिवस पर राय दीघी में वस्त्र वितरण कार्यक्रम संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंग साहू समाज के स्थापना दिवस और रजत जयंती वर्षगांठ के शुभ अवसर पर राय दीघी के सुदूर ग्राम में रविवार को वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने वहां पहुंचकर महिलाओं और बच्चों को साड़ी एवं वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की सचिव कंचन गुप्ता, सह सचिव बिना देवी साव, अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव मनोज कुमार, संतोष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष उमाशंकर साव, सह-अध्यक्ष संजय साव, युवा प्रकोष्ठ के सचिव पिनंटू कुमार साव, कार्यकारिणी सदस्य राज कुमार साव सहित अन्य पदाधिकारी और विकास मंडल के सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य व्यक्तित्वों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाई।

### बंधन लाइफ का बीमा जागरूकता अभियान

**हावड़ा :** बंधन लाइफ ने हाल ही में हुगली और हावड़ा ज़िलों की 13 ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय जन जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में हुगली के सात स्थानों – मगरा, बोलाघोर, गिरट, तारकेश्वर, चपाताली मोड़, जगतबल्लापुर और चिनसुरा – और हावड़ा के छह स्थानों – बरगाछिया, श्रीरामपुर, उत्तरपाड़ा, दानकुनी, बगनान और दामजुर – को शामिल किया गया। जागरूकता अभियान के महत्व के बारे में बात करते हुए, बंधन लाइफ के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (बैंक एश्योरेंस) इंद्रनील दत्ता ने कहा, दुर्गा पूजा एक ऐसा अवसर है जब लोग एक साथ आते हैं और अपने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाते हैं! हमें लगा कि यह लोगों को यह याद दिलाने का भी सही समय है कि वे अपने प्रियजनों के भविष्य को सुरक्षित करके इस खुशी को हमेशा के लिए बनाए रखें।



**उत्तर कोलकाता के रामनारायण भट्टाचार्य लेन पर दर्जीपाड़ा सम्मिलनी दुर्गोत्सव समिति द्वारा लक्खी पूजा बड़े धूम धाम से मनाया गया। पूजा को सफल बनाने में बबुआ दत्ता, सुभाजीत बिट, श्रीता सेनगुप्ता, इंद्रनील दत्ता, देबोप्रिया मंडल, रोनी दे रॉय, अविनाश जायसवाल और अन्य लोगों का योगदान रहा।**

## उत्तर बंगाल में भाजपा सांसद-विधायक पर हमले के खिलाफ हुगली में मुखर हुई भाजपा , टायर जलाकर विरोध, चुचुड़ा में सड़क जाम

**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल राज्य के उत्तर बंगाल में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हुए कथित हमले के खिलाफ हुगली जिले में भाजपा समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा। बताया जा रहा है कि सांसद और विधायक पर तब हमला किया गया जब वे बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए निकले थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के समाजकंटकों ने दोनों जनप्रतिनिधियों पर जानलेवा हमला किया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए और रक्तरंजित अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

इस घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हुगली जिले के विभिन्न इलाकों में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कई जगहों पर सड़क जाम कर नारेबाजी की गई। चुचूड़ा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगभग आधे घंटे तक सड़क मार्ग जाम रखकर प्रदर्शन किया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से विरोध समाप्त हुआ। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह हमला ममता बनर्जी सरकार की गुंडागर्दी और कानून व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल में अब अत्याचार, सिंडिकेट, कटमनी और हिंसा का तंत्र स्थापित हो चुका है और पुलिस राज्य सरकार की कठपुतली बन चुकी है।



भाजपा समर्थकों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में राज्यव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने इन आरोपों को खारिज करते हुए सवाल उठाया कि अगर सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में हमला हुआ, तो वे मूकदर्शक क्यों बने रहे? चुचुड़ा में प्रदर्शन हटाने के दौरान भाजपा समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। बाद में पुलिस ने जबरन भाजपा समर्थकों को सड़क से हटाया और यातायात सेवाएं सामान्य की।

## बारानगर में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**❑ पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने का कर रही है प्रयास**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारानगर में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन्हें सोमवार की सुबह कोलकाता से गिरफ्तार किया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है और घटना में शामिल बाकी लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। बता दें कि गत शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे मालिक शंकर जाना बारानगर के शंभूनाथ दास लेन स्थित अपनी दुकान में थे। अचानक, ग्राहकों के वेश में 6 लोग दुकान में घुस आए। कथित तौर पर, उन्होंने गहने देखकर लूटना शुरू कर दिया। शंकर ने यह महसूस करने के बाद उन्हें रोका।



बताया जाता है कि इससे वे नाराज हो गए और उन्होंने दुकान मालिक पर हमला कर दिया। लुटेरों ने शंकर के सिर के पिछले हिस्से पर किसी भारी चीज से वार किया। परिणामस्वरूप, वह बेहोश हो गए। व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के 48 घंटे के भीतर, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संलिप्तता के संदेह में 2 लोगों को गिरफ्तार किया। क्या यह हत्या लूट के उद्देश्य से की गई थी? या इसके पीछे कोई और राज छिपा है, पुलिस ने पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर बंगाल में आपदा राहत में गए भाजपा नेताओं पर हमला, हावड़ा में प्रदर्शन

**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर बंगाल में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित लोगों से मिलने और राहत सामग्री पहुंचाने गए सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर जानलेवा हमला हुआ। इस घटना के विरोध में हावड़ा मैदान मेट्रो के पास भाजपा समर्थकों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे बड़े आंदोलन किए जाएंगे। हावड़ा जिला सदर भाजपा के सचिव प्रमोद सिंह ने कहा कि उत्तर बंगाल में जो



आपदा आई, उसमें राज्य सरकार कुछ नहीं कर रही थी। भाजपा सांसद और विधायक वहां गए थे ताकि लोगों की सेवा की जा सके, लेकिन तृणमूल सरकार के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान रास्ता कुछ समय के लिए बंद किया गया, लेकिन मां लक्ष्मी की पूजा होने के कारण बाद में इसे खोल दिया गया।

भाजपा जिला सचिव ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि मीरिक में हुई आपदा में कम से कम 25-30 लोगों की जान गई है। राहत कार्य के लिए प्रधानमंत्री के आह्वान के तहत प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शमीक भट्टाचार्य के नेतृत्व में तीन प्रतिनिधि मंडल वहां गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने विधायक शंकर घोष की गाड़ी को तोड़ दिया। भाजपा ने चेतावनी दी कि बंगाल में तानाशाही नहीं चलेगी और वे लोगों के हक के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।



**उत्तर बंगाल में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित लोगों से मिलने और राहत सामग्री पहुंचाने गए सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर जानलेवा हमला हुआ। इस घटना के विरोध में उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्ट्रीट पर प्रदर्शन करते पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी, तापस राय, देबजीत सरकार, तमोघ्नो घोष, दिनेश पांडे, जसवंत सिंह और भोला प्रसाद सोनकर पूर्णिमा चक्रवर्ती व अन्य ।**

## बांदा में पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी नाबालिग हिरासत में

**बांदा:** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पांच साल की बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के लिए एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सौरभ सिंह ने बताया कि बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सोमवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे पांच साल की बच्ची को उसके पड़ोस में रहने वाला 14 वर्षीय नाबालिग बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता के परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले में तहरीर दी और शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया गया।

## बसपा बिहार विधानसभा चुनाव में लगभग सभी सीट पर अपने बलबूते लड़ेगी: मायावती

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में होने वाले मतदान की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस चुनाव में सभी सीट पर अपने बलबूते लड़ेगी। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बहुप्रतीक्षित बिहार राज्य विधानसभा चुनाव के लिये दो चरणों में छह और 11 नवम्बर को मतदान कराने की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गयी घोषणा का स्वागत। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग व्यापक जन व देशहित तथा देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान की व्यवस्था जनता की चाह के मुताबिक करेगा।

## राजस्थान: अदालत ने याचिकाओं से 'महाराज' व 'राजकुमारी' उपसर्ग हटाने का निर्देश दिया

**जयपुर:** राजस्थान उच्च न्यायालय ने जयपुर के पूर्व राजघराने के वंशजों को अपनी लंबित याचिकाओं से 'महाराज' और 'राजकुमारी' उपसर्ग हटाने का निर्देश दिया। अदालत ने चेतावनी दी कि अगर 13 अक्टूबर तक यह सुधार नहीं किया गया तो मुकदमा खारिज कर दिया जाएगा। न्यायमूर्ति महेंद्र कुमार गोयल की एकल पीठ ने पिछले सप्ताह गृहकर लगाने से संबंधित 24 साल पुराने एक मामले में यह आदेश दिया। यह मामला जयपुर के पूर्व राजघराने के दिवंगत जगत सिंह और पृथ्वीराज सिंह के कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा दायर किया गया था।

# एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग से छह मरीजों की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**जयपुर:** जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू वार्ड में रविवार देर रात आग लगने से गंभीर रूप से बीमार कम से कम छह मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 11 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा, छह की मौत हो गई और पांच का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने का संदिग्ध कारण 'शॉर्ट सर्किट' माना जा रहा है। राज्य सरकार ने सोमवार देर शाम एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी और ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ को उनके पदों से हटा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। हादसे में आठ लोगों के मरने की खबर है लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मिणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है। जयपुर की टोंक रोड पर स्थित एसएमएस अस्पताल राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है जहां राज्य भर के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसके अलावा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अन्य जिलों से भी एसएमएस अस्पताल रेफर किया जाता है।

### सरकार ने सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक और ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी को पद से हटाया

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग की घटना के मामले में कार्रवाई करते हुए अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी और ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ को पद से हटा दिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही अस्पताल में पदस्थापित अधिशाषी अभियंता मुकेश सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वहीं अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) के लिए नियोजित एजेंसी 'एसके इलेक्ट्रिक कंपनी' की निविदा निरस्त करते हुए कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा : योगी




**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बचाना है तो संस्कृत को माध्यम बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने यहां श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण किया। उन्होंने कुछ बच्चों को सम्मानित भी किया। योगी ने इस अवसर पर कहा, सनातन धर्म ही लोकमंगल, लोककल्याण के साथ सभी की सुरक्षा व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति और सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। उन्होंने कहा, सनातन धर्म को बचाना है तो संस्कृत को माध्यम बनाना पड़ेगा। आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा रहेगी। संस्कृत के बिना किसी का काम नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया, पहले प्रदेश में संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए छात्रवृत्ति नहीं थी। उनकी सरकार ने छात्रवृत्ति जारी की। आने वाले समय में व्यवस्था की जा रही है कि संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए रहने और खाने के लिये सरकार अनुदान देगी। संस्कृत में विशिष्ट शोध और उच्च अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए भी विशिष्ट छात्रवृत्ति जारी की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि संस्कृत में पढ़ने-पढ़ाने और शोध को बढ़ाने वाले विद्यार्थियों के साथ अच्छे विद्वान भी आगे बढ़ा सकें। योगी ने कहा कि संस्कृत में वेद और व्याकरण भारत की विशिष्ट देन है और दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत में स्थापित हुआ था। उन्होंने कहा, पाणिनी वहीं की देन हैं। पाणिनी के व्याकरण में उस समय के इतिहास, परंपरा व भारत के बारे में विस्तृत अध्ययन प्राप्त होता है। आदित्यनाथ ने श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण किया।

## बिहार: नीतीश कुमार ने 21 लाख महिलाओं के खाते में भेजे 2,100 करोड़ रुपए

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' के तहत 21 लाख लाभार्थी महिलाओं के खातों में कुल 2,100 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास '1, अणे मार्ग' स्थित 'संकल्प' सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान यह राशि लाभार्थियों के खातों में भेजी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 सितंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में इस योजना की शुरुआत की थी और इस दौरान राज्य की 75 लाख महिला लाभार्थियों को 7,500 करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी गई थी। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद तीन अक्टूबर को 25 लाख महिलाओं के खातों में 2,500 करोड़ रुपए की राशि भेजी थी। सोमवार को हुए अंतरण के साथ अब तक कुल 1.21 करोड़ महिला लाभार्थियों के खातों में 10,000 करोड़ रुपए की राशि पहुंचाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का उद्देश्य प्रत्येक परिवार की एक महिला को उसकी पसंद के अनुसार रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है।




### बिहार चुनाव घोषणा से कुछ घंटे पहले नीतीश ने किया पटना मेट्रो के 3.45 किलोमीटर कॉरिडोर का उद्घाटन



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ घंटे पहले सोमवार को पटना मेट्रो के एक हिस्से का उद्घाटन किया। यह कॉरिडोर 3.45 किलोमीटर लंबा है और 'प्राथमिकता कॉरिडोर' का हिस्सा है, जिसमें तीन स्टेशन पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरो माइल और भूतनाथ शामिल हैं। मुख्यमंत्री कुमार ने इस अवसर पर छह भूमिगत मेट्रो स्टेशन के साथ ही उन्हें जोड़ने वाली 9.35 किलोमीटर लंबी सुरंग का शिलान्यास भी किया। ये सभी स्टेशन कॉरिडोर-1 के अंतर्गत बनाए जाएंगे। उद्घाटन समारोह के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंह सहित मंत्रिपरिषद के कई सदस्यों तथा वरिष्ठ अधिकारी मेट्रो में यात्रा की। राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा सोमवार शाम चार बजे निर्वाचन आयोग द्वारा की जाएगी। एक अधिकारी ने बताया कि मेट्रो सेवा रोजाना सुबह आठ बजे से रात दस बजे तक उपलब्ध रहेगी और प्रत्येक ट्रेन 20 मिनट के अंतराल पर चलेगी।

## न्यूज अपडेट

### बिहार: विधानसभा के दूसरे चरण के लिए मतदान में इन प्रमुख सीट पर टिकी होंगी निगाहें

**पटना:** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में दो चरणों में मतदान होगा, जिनमें पहले चरण के लिए छह नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। दूसरे चरण में राज्य की 122 विधानसभा सीट पर मतदान होगा, जिनमें कई राजनीतिक रूप से अहम सीट शामिल हैं। निम्नलिखित कुछ प्रमुख सीट और उनके मौजूदा विधायक इस प्रकार हैं:

1- वाल्मीकिनगर: जनता दल यूनाइटेड (जदयू)- धीरेंद्र प्रताप सिंह
2- करगहर: कांग्रेस- संतोष कुमार मिश्रा
3- करकट: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)- मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन)- अरुण सिंह
4- बेतिया: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-रेणु देवी
5- मोतिहारी: भाजपा- प्रमोद कुमार
6- इमामगंज: हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर)-दीपा कुमारी
7- सीतामढ़ी: भाजपा- मिथिलेश कुमार
8- मधुबनी: राष्ट्रीय जनता दल (राजद)- समीर कुमार महासेठ
9- झंझारपुर: भाजपा-नितीश मिश्रा
10- अररिया: कांग्रेस- अबिदुर रहमान
11- किशनगंज: कांग्रेस-इजहारुल हुसैन
12- पूर्णिया: भाजपा- विजय कुमार खेमका

दूसरे चरण में इन सीट पर सत्तारूढ़ राजग और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

### बरेली हिंसा के आरोपी तौकीर रजा खां के सात साथियों पर 15-15 हजार का इनाम घोषित

**बरेली (उप्र):** बरेली पुलिस ने पिछले महीने 'आई लव मोहम्मद' अभियान को लेकर हुए बवाल के मुख्य अभियुक्त, इत्तिहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता तौकीर रजा खां के सात फरार साथियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने सोमवार को बताया कि 26 सितंबर को हुई हिंसा के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट में सभी सात आरोपियों के नाम हैं। इनमें आईएमसी के नेता साजिद सकलानी, अल्तमस राजा, अफजल बेग, नायाब, बबलू खान, नदीम और अदनान सकलानी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साजिद और अल्तमस बारादरी थाने में दर्ज मामलों में वांछित हैं जबकि अफजल बेग किला और बारादरी थानों में दर्ज मामलों में वांछित है। नायाब और बबलू खान बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं जबकि नदीम पर सामूहिक बलात्कार का भी आरोप है। अदनान सकलानी ने कथित तौर पर युवकों को हिंसा में शामिल होने के लिए उकसाया था। एसएसपी आर्य ने कहा कि फरार लोगों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

### बिहार: विधानसभा की सभी 243 सीट पर लड़ेगी 'आप', पहली सूची जारी की




**पटना:** आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को बिहार में विधानसभा की सभी 243 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की। पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करते हुए राज्य की राजनीति में औपचारिक रूप से प्रवेश किया। 'आप' के बिहार प्रभारी अजेश यादव ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि पार्टी दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार और विकास के मॉडल को बिहार में दोहराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, हमारे पास शासन और विकास का प्रमाणित मॉडल है। आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। दिल्ली की जीत में पूर्वांचल के लोगों का बड़ा योगदान रहा था। यादव ने कहा, हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि जब दिल्ली में सरकार बनाने में बिहार के लोग हमारी मदद कर सकते हैं तो बिहार में क्यों नहीं?

# समाज्ञा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

07.10.2025 : बाल्मीकि जयंती
10.10.2025 : करवा चौथ व्रत
13.10.2025 : अघोई अष्टमी व्रत

## 10 अक्तूबर को करवा चौथ, जानें सरगी खाने से लेकर चंद्रोदय का समय



सुहागिन महिलाओं के लिए करवा चौथ का दिन बेहद महत्व रखता है। इस दिन व्रत और पूजा करने से पति की लंबी आयु, तरक्की, प्रेम और सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही, इस तिथि पर किए गए पुण्य कार्यों से भी जीवन में सुख-समृद्धि भी वास करती हैं।

हिंदू धर्म में करवा चौथ को प्रेम का प्रतीक माना गया है और यह सबसे कठिन व्रतों में से एक है। माना जाता है कि इस तिथि पर सुहागिनें निर्जला उपवास रखते हुए प्रेम जीवन सुखमय की कामना करती है। साथ ही करवा माता की पूजा करते हुए अन्न-वस्त्रों का दान करती हैं। इस दौरान व्रत का प्रारंभ ब्रह्म मुहूर्त में सरगी से लेकर चंद्रोदय तक मान्य होता है।

चूंकि व्रत निर्जला होता है, इसलिए खाने-पीने से लेकर सभी तरह की चीजों को ग्रहण करने की मनाही होती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि सरगी खाने के समय से लेकर करवा चौथ की पूजा विधि को भी जानते हैं।

**करवा चौथ 2025**

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 9 अक्तूबर को रात 10 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होगी।

समापन 10 अक्तूबर को रात 7 बजकर 38 पर है।

उदया तिथि के मुताबिक करवा चौथ 10 अक्तूबर 2025 को मनाया जाएगा।

**शुभ मुहूर्त और चंद्रोदय का समय**

करवा चौथ पर पूजा का शुभ समय शाम 5 बजकर 57 मिनट से प्रारंभ होकर 7 बजकर 11 मिनट तक बना रहेगा। वहीं चंद्रोदय का समय शाम 07 बजकर 42 मिनट पर माना जा रहा है।

**पूजा विधि**

- करवा चौथ के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर लें और उसके बाद सरगी ग्रहण करें।
- इसके बाद पूजा मुहूर्त के समय एक साफ चौकी पर करवा माता की तस्वीर रखें।
- फिर एक साफ थाली लेकर उसमें सिंदूर, दीपक, गंगाजल, अक्षत और हल्दी रखें।
- इस दौरान आप थाली में फूल और गुड़ भी अवश्य रखें।
- अब चौकी के पास एक नए कलश में साफ जल भरकर उसे रख दें।
- अब दीप प्रज्वलित करें और धूपबत्ती जला लें।
- माता करवा को फल, हल्दी, अक्षत और ताजे फूल अर्पित करें।
- इसके बाद करवा चौथ के व्रत की कथा सुनें और सभी बड़ों से आशीर्वाद लें।
- अब चंद्रमा के निकलते ही उसे जल अर्पित करें।
- इसके बाद साफ नई छलनी के माध्यम से चंद्रमा देखें और फिर उसी से पति की ओर देखें।
- फिर आप पति के हाथों से व्रत का पहला जल ग्रहण करें और उनका आशीर्वाद लें।
- इसके बाद सुहागिन महिलाओं को कुछ वस्त्र व अन्न दान करें और उनका आशीर्वाद लें।
- अंत में व्रत का पारण करते हुए जाने अनजाने में हुई गलतियों की क्षमा मांगें।

**सरगी खाने का समय?**

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक करवा चौथ पर सरगी हमेशा ब्रह्म मुहूर्त में ग्रहण की जाती है। ऐसे में करवा चौथ के दिन यानी 10 अक्तूबर को ब्रह्म मुहूर्त सुबह लगभग 4 बजकर 35 मिनट से 5 बजकर 23 मिनट के बीच तक रहेगा। ऐसे में आप इस अवधि में सरगी खा सकती हैं।

**करवा चौथ पर शुभ योग**

करवा चौथ पर कृत्तिका नक्षत्र बना रहेगा, जो शाम 5 बजकर 31 मिनट तक है। इसके अलावा सिद्ध योग का संयोग है, जो शाम 5:41 मिनट तक है। इसके बाद व्यतीपात योग प्रारंभ होगा। इस दिन चन्द्रमा वृषभ राशि में रहेंगे। इस दिन राहुकाल सुबह 10 बजकर 40 मिनट से दोपहर 12:07 मिनट तक रहेगा। हालांकि, दिन का सबसे शुभ अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 44 मिनट से दोपहर 12:30 तक रहने वाला है।

## दिवाली पर करें इन चीजों की खरीदारी, मां लक्ष्मी का मिलेगा आशीर्वाद

हिंदू धर्म में दीपावली का पर्व सबसे बड़े पर्वों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना-चांदी खरीदने की परंपरा को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना गया है। इसके साथ ही यह एक सुरक्षित आर्थिक निवेश भी है। यह परंपरा भगवान धन्वंतरि और देवी लक्ष्मी से भी जुड़ी है, जिन्हें स्वास्थ्य और धन की देवी माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि दिवाली पर किन चीजों की खरीदारी बेहद शुभ मानी जाती है।

**झाड़ू**

दिवाली के अवसर पर झाड़ू खरीदना भी बेहद शुभ माना जाता है। मान्यता है कि यह देवी लक्ष्मी को घर में आकर्षित करता है और दरिद्रता को दूर करता है। झाड़ू को सुख-शांति और स्वच्छता से जोड़ा गया है, क्योंकि मां लक्ष्मी केवल साफ-सुथरे और सकारात्मक वातावरण में ही निवास करती हैं।

**दीपक**

दीपावली पर दीपक जलाना धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। माना जाता है कि दीप जलाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां**

लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां खरीदने की परंपरा भी दिवाली पर विशेष मानी जाती है। लक्ष्मी जी धन और वैभव की देवी हैं, जबकि गणेश जी बुद्धि और शुभारंभ के देवता माने जाते हैं। इसे सुख, समृद्धि और ज्ञान की प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है।

**खील-बताशे**

दिवाली पर खील-बताशे लेना भी एक प्रचलित परंपरा है। इन्हें लक्ष्मी जी को चढ़ाने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है। खील-बताशे पवित्रता, शुभता और स्वास्थ्य का प्रतीक माने जाते हैं और शुक्र ग्रह को मजबूत करने वाले माने जाते हैं। साथ ही यह रिश्तों में मिठास भी बढ़ाते हैं।

**नारियल**

नारियल भी दीपावली की पूजा के लिए खास माना जाता है। इसे शुभ फल और माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। नारियल चढ़ाने से आर्थिक संकट दूर होते हैं और तिजोरी में रखने से घर में स्थायी समृद्धि का संचार होता है।

## भगवत्प्राप्ति के लिए भाव ही प्रधान साधन है



नीतू गुप्ता

भक्त जिस भावना से भगवान को याद करता है उसे उसके अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है। छोटी से छोटी क्रिया भी भाव की प्रधानता से मुक्ति तक दे सकती है और उत्तम से उत्तम क्रिया भी निम्न श्रेणी का भाव होने पर नरक तक ले जाती है।

इस प्रकार एक ही क्रिया भाव के कारण उत्तम, मध्यम और अधम फल देने वाली हो सकती हैं। सामान्य श्रेणी की क्रियाएं अगर कर्तव्य समझकर निष्काम प्रेमभाव से की जाएं तो अंतकरण की शुद्धि होकर इनसे परमात्मा की प्राप्ति तक हो सकती है। इसका अर्थ है भाव ही प्रधान है, क्रिया नहीं। इसलिए हम जो भी कार्य करें, उत्तम भाव से करें।

भगवान का एक भक्त साधक था जो पीपल के पेड़ के नीचे रहकर भजन, ध्यान, गीता पाठ, साधु सेवा, तप और उपवास करता था। एक बार नारद जी उधर से निकले, तब उस भक्त ने नारद जी से पूछा, आप कहां जा रहे हैं।

नारद जी ने उत्तर दिया, मैं बैकुण्ठ धाम जा रहा हूं। भक्त ने नारद जी के चरणों में सिर झुकाकर कहा कि क्या आप मेरे लिए भगवान से यह पूछ लेंगे कि मुझे उनके दर्शन कब होंगे। नारद जी ने उत्तर दिया-क्यों नहीं। नारद जी भगवान के गुणों का कीर्तन करते हुए भगवद्धाम जा पहुंचे।

जब नारद जी भगवान से बातें कर रहे थे तो नारद जी ने उस भक्त का संदेशा उन्हें सुनाया और पूछा-भगवन उस भक्त की सेवा पूजा, भजन-ध्यान, तपस्या प्रशंसा योग्य है। वो आपके दर्शनों का अभिलाषी है। उसे आपके दर्शन कब होंगे? भगवान बोले-इसका उत्तर अभी मैं नहीं दे सकता। नारद जी उत्सुक होकर बोले-क्यों भगवन?

भगवान ने उत्तर दिया-उसका भजन, ध्यान, सेवा-पूजा और तपस्या उस भाव की नहीं है इसलिए पीपल के पेड़ पर जितने पत्ते हैं, उतने वर्षों बाद मेरे दर्शन होंगे। भगवन की यह बात सुनकर नारद जी हैरान रह गये। भगवन ने कहा-इस रहस्य को तुम नहीं समझोगे। बस तुम उसे मेरा कहा बता देना।

कुछ समय बाद नारद जी लौटकर उस पीपल के पेड़ के नीचे बैठे भक्त के पास पहुंचे। भक्त नारद जी को देखकर उनके चरणों में नतमस्तक हो गए और जानने के इच्छुक हुए कि भगवान जी ने अपने दर्शन देने का क्या समय बताया है। नारद जी ने जो भगवान जी से बात हुई थी, सारा विवरण बता दिया।

नारद जी ने कहा-आप अपनी साधना जारी रखें। आपको प्रभु के दर्शन पीपल के वृक्ष में जितने पत्ते हैं, उतने वर्षों बाद होंगे।

भक्त एकदम करूणाभाव से गदगद होकर बोला-क्या सच मुझे भगवान के दर्शन होंगे? क्या यह बात भगवान जी ने अपने श्री मुख से कही? जब कभी हों, भगवान के दर्शन तो अवश्य ही होंगें।

भक्त के आनन्द का ठिकाना नहीं रहा। उसके भक्ति के भाव एकदम बदल गये। वह आनंद विभोर होकर प्रेम भाव से भगवान के गुणों का कीर्तन करने लगा, मस्त होकर नाचने लगा। इतना मग्न हो गया कि उसे अपने तन की सुधि भी नहीं रही।

भगवान प्रसन्न होकर उसी समय उसके समक्ष प्रकट हो गये। नारद जी भी वहीं थे। वे देखकर अवाक् रह गये। उन्होंने पूछा-भगवन! आप ने तो इस साधक को कई वर्षों बाद दर्शन देने थे पर आप तो दोपहर बीतने पर ही प्रकट हो गये।

तभी प्रभु मुस्करा कर बोले-मैंने तुझसे कहा था न कि तुम इस रहस्य को नहीं समझ पाओगे। नारद जी ने कहा, 'मुझे प्रभु इस रहस्य के बारे में समझाइये। भगवन बोले-नारद उस समय इस साधक की क्रिया प्रधान थी। अब क्रिया के साथ-साथ भाव भी हैं। वैसे व्रत, उपवास, सेवा-पूजा, तपस्या, गीतापाठ, सपुरूषों का संग उत्तम क्रियाएं हैं। इन सब क्रियाओं के साथ साथ भक्त का अनन्य प्रेमभाव भी हो तो उसमें विलम्ब उचित नहीं।

यह जान नारदजी प्रेम विभोर हो गये और भावावेश में अपनी सुध-बुध भूलकर भगवान के नाम और गुणों का कीर्तन करते हुए नृत्य करने लगे। दोनों भक्तों की प्रेममयी स्थिति को देखकर भगवान भी प्रेम मग्न हो गये और कहा-'जो मुझे जिस रूप में भजता है मैं भी उनको उसी रूप में भजता हूं। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार चुनाव निरंतर विकास और घुसपैठियों से मुक्ति के लिए: नड्डा

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि यह चुनाव राज्य के विकास को जारी रखने, घुसपैठियों से मुक्ति दिलाने और ''जंगल राज'' की वापसी को रोकने के लिए है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि बिहार में राजग सरकार लोगों के कल्याण और सुशासन का पर्याय बन गई है। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार की पवित्र धरती, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा और राजग को अपना आशीर्वाद तथा भारी बहुमत देगी।'' भाजपा अध्यक्ष ने चुनाव घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और देश तथा राज्य को विकास एवं सुशासन के पथ पर आगे बढ़ाने का प्राथमिक माध्यम है।

### अलप्पुझा निवासी ने 25 करोड़ रुपये की लॉटरी जीती

**अलप्पुझा (केरल) :** केरल के थाईक्कूसेरी निवासी शरद नायर ने थिरुवोनम लॉटरी में 25 करोड़ रुपये का प्रथम पुरस्कार जीता है। नायर ने सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की थुरवूर शाखा में विजेता टिकट जमा किया। नायर ने कहा, जब तीन अक्टूबर को परिणाम घोषित किए गए, तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि विजेता टिकट मेरे पास है। बाद में, मैं घर गया और सुनिश्चित करने के लिए लॉटरी टिकट को दोबारा देखा। उन्होंने बताया कि वह लॉटरी टिकट बहुत कम खरीदता हैं। उन्होंने कहा, यह पहली बार है जब मैंने टिकट खरीदा है। मैं छोटी लॉटरी टिकटें कम ही खरीदता हूं। जीती हुई राशि के विषय में पूछे जाने पर नायर ने कहा, मैंने अभी तक कुछ नहीं सोचा है। मुझे कुछ कर्ज़ चुकाने हैं और मैं अपने परिवार से इस बारे में बात करूंगा।

### पति से मिलने के लिए भारत आने की पाकिस्तानी महिला की याचिका पर सरकार से अदालत का जवाब तलब

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक पाकिस्तानी महिला की ओर से दायर उस याचिका पर सोमवार को केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें उसने अपने भारतीय पति से मिलने के लिए भारत में प्रवेश की अनुमति मांगी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा सभी वीज़ा रद्द करने के आदेश के खिलाफ रुकैया ओबैद और उनके दिल्ली निवासी पति उबादा अब्दुल बरकत फारूकी की ओर से दायर याचिका पर भारत सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये। भारतीय अधिकारियों ने महिला को पाकिस्तान जाने को कह दिया था। उसने अब यहां रहने के लिए दीर्घकालिक वीजा मांगा है। याचिका में महिला को नया वीजा या भारत में प्रवेश के लिए कोई अन्य उपयुक्त दस्तावेज जारी करने का सरकार को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि वह अपने भारतीय पति के साथ वैवाहिक संबंध बनाए रख सके।

### ईडी ने कर्नाटक एमयूडीए मामले में 40 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कीं

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने कर्नाटक एमयूडीए से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में 40 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत चार अक्टूबर को 34 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अनंतिम आदेश जारी किया गया था, जिसमें एमयूडीए (मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण) के कुछ भूखंड भी शामिल हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य 40.08 करोड़ रुपये है। धन शोधन का यह मामला कर्नाटक लोकायुक्त पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने पहले भी संपत्ति कुर्क करने के इसी तरह के आदेश जारी किए थे और इस नयी कार्रवाई के साथ ही अब तक इस जांच के तहत 400 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

# उपमहाद्वीप में किसी भी संकट के लिए भारत को ही भरोसेमंद विकल्प होना चाहिए: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि उपमहाद्वीप में किसी भी संकट के लिए भारत को ही भरोसेमंद विकल्प होना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में 'भारत और विश्व व्यवस्था: 2047 की तैयारी' विषय पर अरावली शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री ने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता के परिदृश्य में भारत को स्वयं ''सहयोग के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण करना होगा।'' जयशंकर ने कहा, ''यह पड़ोस पहले नीति का सार है। इस उपमहाद्वीप में किसी भी संकट के समय भारत को ही भरोसेमंद विकल्प होना चाहिए।'' जयशंकर ने




कहा, ''विभाजन के परिणामस्वरूप भारत की रणनीतिक गिरावट को दूर करना होगा।'' विदेश मंत्री ने कहा कि विश्व में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है और सहयोग के वादे से ध्यान हट रहा है। उन्होंने कहा, ''यह हर चीज के शस्त्रीकरण से प्रेरित है। सभी राष्ट्रों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। भारत को ऐसी अस्थिरता के बीच रणनीति बनानी होगी और आगे बढ़ना जारी रखना होगा। चुनौती इस जटिल परिदृश्य को समझने की है।'' जेएनयू के पूर्व छात्र ने वैश्विक व्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्र के हितों की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''भारत के दृष्टिकोण से, मांग और जनसांख्यिकी की प्रेरक शक्तियां इसके उत्थान को गति प्रदान करेंगी। हमें 2047 की यात्रा के लिए विचार, शब्दावली और विमर्श तैयार करने होंगे।''

## भारतीय डाक ने पत्रकारों के सम्मान में विशेष डाक टिकट जारी किया

**मंगलुरु (कर्नाटक) :** भारतीय डाक विभाग ने दक्षिण कन्नड़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को यहां एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रेस क्लब परिसर में डाक टिकट जारी करने के बाद वरिष्ठ डाक अधीक्षक (मंगलुरु मंडल) सुधाकर माल्या ने कहा कि भारतीय डाक दशकों से डाक टिकटों के माध्यम से देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों को दर्ज करता रहा है और भारतीय विरासत और संस्कृति को वैश्विक दर्शकों तक ले गया है। उन्होंने बताया कि विभाग अपनी नागरिक-केंद्रित सेवाओं का विस्तार जारी रखे हुए है तथा डाक और बचत सुविधाओं के अलावा दुर्घटना और स्वास्थ्य बीमा योजनाएं भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा, माई स्टैम्प पहल के माध्यम से, भारतीय डाक, संगठनों को अनुकूलित डाक टिकट जारी करके महत्वपूर्ण घटनाओं को मनाने की अनुमति देता है।

## छत्तीसगढ़: गरियाबंद जिले में दो महिलाओं समेत तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को दो महिला नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश होकर नागेश उर्फ रामा कवासी व महिला नक्सली जेनी उर्फ देवे मड़कम और मनीला उर्फ सुंदरी कवासी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नागेश डिविजनल कमेटी (डीवीसी) सदस्य डमरू का सुरक्षा गार्ड था जबकि जेनी उड़ीसा राज्य कमेटी के सदस्य प्रमोद उर्फ पांडु की सुरक्षा गार्ड थी। वहीं मनीला प्रतिबंधित माओवादी संगठन की सिनापाली एरिया कमेटी की पार्टी सदस्य थी। अधिकारी ने बताया कि तीनों नक्सलियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था।

## संदेह सबूत की जगह नहीं ले सकता: न्यायालय; हत्या के मामले में तीन लोगों को बरी किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 10 साल के एक बच्चे की 2007 में हत्या के मामले में तीन आरोपियों को बरी करते हुए सोमवार को कहा कि संदेह चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले में ''काफी कमिया'' हैं और रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्य किसी भी तरह से आरोपियों के अपराध को साबित करने वाली परिस्थितियों की श्रृंखला को पूरा नहीं करते। न्यायालय ने तीनों आरोपियों की अपील स्वीकार कर ली, जिन्होंने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवंबर 2017 के फैसले को चुनौती दी थी, जिसने मामले में उनकी दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। पीठ ने अपने फैसले में कहा, ''वैज्ञानिक परीक्षणों की अनदेखी करते हुए संदिग्ध गवाही के आधार पर दोषी ठहराना, सबूत की जगह संदेह को प्रतिस्थापित करना है। उच्चतम न्यायालय ने बार-बार चेतावनी दी है कि संदेह, चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता। पीठ ने कहा, ''यह सुस्थापित है कि संदेह, चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, सबूत की जगह नहीं ले सकता। तदनुसार, अपीलकर्ता संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं।

## देशभर में 'डिजिटल एरेस्ट' की साजिश रचने वाले पांच लोग गिरफ्तार, महिला से 20 लाख रुपये की ठगी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने देशभर में 'डिजिटल एरेस्ट' की साजिश रचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया और एक महिला से 20 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरोह के कथित सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दिल्ली, हापुड़ और ग्रेटर नोएडा में छापेमारी के बाद आरोपी, सरगना मोहित जैन उर्फ रिंकू (33), उसके सहयोगी लोकेश गुप्ता (38), मनोज कुमार चौधरी, केशव कुमार (45) और सैफ अली (30) को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन, 40 चेक बुक, 33 सिम कार्ड, 15 कंपनी स्टांप, 22 स्टांप पेपर, 19 डेबिट कार्ड, 14 पैन कार्ड, सात डिजिटल हस्ताक्षर, एक इंटरनेट बैंकिंग की, एक डेबिट/क्रेडिट कार्ड स्वैपिंग मशीन, एक बैंक स्कैनर और एक एसयूवी सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला है कि बरामद चेकबुक से जुड़े बैंक खाते देशभर में 473 साइबर अपराध शिकायतों से जुड़े थे, जिनमें 2025 में दिल्ली में दर्ज 24 मामले भी शामिल हैं।

## जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना व राजस्थान में उपचुनाव 11 नवंबर को

**नयी दिल्ली :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान की आठ विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर को उपचुनाव कराए जाएंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव 11 नवंबर को होंगे; मतगणना 14 नवंबर को होगी।'' झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट रामदास सोरेन के निधन के कारण रिक्त हो गयी थी। पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हो गई। जम्मू कश्मीर में दो विधानसभा क्षेत्र - बडगाम और नगरोटा - अक्टूबर 2024 से रिक्त हैं। बडगाम सीट 2024 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद रिक्त हो गई थी, जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल सीट को अपने पास रखने का फैसला किया था। यह सीट 21 अक्टूबर, 2024 से रिक्त है। नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को रिक्त हुई थी। राजस्थान के अंता में उपचुनाव धमकी दिए जाने के एक मामले में भाजपा विधायक कंवरलाल को दोषी ठहराए जाने के बाद मई में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आवश्यक हो गया। तेलंगाना का जुबली हिल निर्वाचन क्षेत्र इस साल जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ का निधन होने से रिक्त हो गया था।

## राजग ने बिहार को 'जंगलराज' से बाहर निकाला : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को 'जंगल राज' से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर विकास की राजनीति को चुनेंगे। शाह की यह टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के ठीक बाद आई है, जिसके तहत छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। शाह ने 'एक्स' पर कहा, ''निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई।''

## भूस्खलन प्रभावित पश्चिम बंगाल, सिक्किम में हरसंभव मदद के लिए तैयार है असम: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भूस्खलन से हुई जान-माल की हानि और बारिश प्रभावित सिक्किम की स्थिति पर



सोमवार को चिंता व्यक्त की तथा संकट से निपटने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारी बारिश के कारण दार्जिलिंग और उत्तर बंगाल के अन्य हिस्सों में हुई तबाही और जान-माल के नुकसान से हम बेहद व्यथित हैं।'' दार्जिलिंग जिले में हुए विनाशकारी भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। आपदा प्रबंधन कर्मियों ने सोमवार को भी बचाव अभियान जारी रखा है। कई लोग अब भी लापता हैं और हजारों पर्यटक पहाड़ी इलाकों में फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, ''असम के लोगों की ओर से हम बचाव और राहत कार्यों में पश्चिम बंगाल सरकार को हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि असम के लोग ''संकट की इस घड़ी में सिक्किम के हमारे भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।'' शर्मा ने अपने पोस्ट में सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग गोले को टैग करते हुए कहा, ''असम सरकार मौजूदा बाढ़ और भूस्खलन से निपटने के लिए आवश्यक हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।''

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन मंगलवार को विभिन्न दलों के नेताओं के साथ पहली बार बैठक करेंगे

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार को संसद परिसर में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ पहली बार बैठक करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस बैठक का उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना है कि कैसे बिना व्यवधान के सदन का सुचारू संचालन हो तथा सार्थक चर्चा हो। राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करने के बाद उपराष्ट्रपति की विभिन्न दलों के नेताओं के साथ यह पहली बैठक होगी। बयान में कहा गया है, '' राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन सात अक्टूबर 2025 को शाम चार बजे राज्यसभा के सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।'' स्वास्थ्य मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और संसदीय कार्य मंत्री एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू बैठक में भाग लेंगे। इनके अलावा कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन को भी बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य एच डी देवेगौड़ा को भी बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। लगभग सभी दलों के नेताओं ने बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। बयान में कहा गया, '' राधाकृष्णन के राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करने के बाद विभिन्न दलों के नेताओं के साथ यह पहली बैठक है, जो सदन के सुचारू संचालन पर विचारों के आदान-प्रदान और संसदीय विचार-विमर्श को मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।''

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा भारत

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद पी पी चौधरी और डी. पुरंदेश्वरी के नेतृत्व में सांसदों के दो बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में हिस्सा लेंगे। चौधरी की अध्यक्षता वाला पहला समूह आठ अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच न्यूयॉर्क में होगा जबकि दूसरा समूह 27 अक्टूबर से वहां मौजूद रहेगा। एक सांसद ने कहा कि ये गैर-आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल हैं क्योंकि वे देश का प्रतिनिधित्व नहीं करते बल्कि भारतीय लोकतंत्र और विभिन्न मुद्दों पर देश के एकजुट रुख का प्रतिनिधित्व करते हैं। चौधरी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के अनिल बलूनी, निशिकांत दुबे और उज्ज्वल निकम, कांग्रेस के विवेक तन्खा और कुमारी सैलजा, समाजवादी पार्टी के राजीव राय और आरएसपी के एन. के. प्रेमचंद्रन समेत अन्य नेता शामिल हैं।

## प्रेमानंद महाराज की अब रोजाना हो रही डायलिसिस! पदयात्रा बंद होने से वृंदावन पहुंच रहे श्रद्धालु मायूस



**मथुरा:** वृंदावन के आध्यात्मिक संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा बंद होने से उनके लाखों भक्तों में मायूसी है। प्रेमानंद पिछले 3 दिनों से पदयात्रा पर नहीं निकले हैं। इसका कारण उनका स्वास्थ्य ठीक ना होना बताया जा रहा है। अनिश्चितकाल के लिए पदयात्रा बंद कर दी गई है। जानकारी मिल रही है कि किडनी की बीमारी से जूझ रहे प्रेमानंद महाराज की पिछले कुछ दिनों से रोजाना डायलिसिस हो रही है। शनिवार को केली कुंज आश्रम की ओर से आधिकारिक सूचना जारी कर पदयात्रा स्थगित किए जाने की पुष्टि की गई है। सूचना में कहा गया कि महाराज जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए उनकी नियमित पदयात्रा फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए बंद की जा रही है। ये खबर जैसे ही भक्तों तक पहुंची, वृंदावन से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में शोक और मायूसी का माहौल बन गया।

**पहले 5 दिन में होती थी डायलिसिस**

पिछले तीन दिनों से जब महाराज पदयात्रा पर नहीं निकले, तो भक्तों की चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार तक भी कई लोग उम्मीद में आश्रम मार्ग पर खड़े रहे कि शायद आज महाराज दर्शन देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि पहले 5 दिन डायलिसिस होती थी, लेकिन बीते कुछ दिनों से रोजाना डायलिसिस हो रही है।

**पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज नामक आनुवंशिक बीमारी**

आश्रम सूत्रों के अनुसार, प्रेमानंद महाराज पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज नामक आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित हैं। यह बीमारी उन्हें साल 2006 में हुई थी। शुरुआत में पेट दर्द होने पर डॉक्टर को दिखाने गए थे। जांच में पता चला कि उनकी दोनों किडनी में सिस्ट हैं और यह बीमारी वंशानुगत है। बाद में दिल्ली के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि उनकी दोनों किडनियां खराब हैं। बीमारी के बावजूद उन्होंने न कभी भक्ति मार्ग छोड़ा, न ही अपने अनुशासन में कोई ढील दी। पहले वह काशी में रहते हुए शिव भक्ति करते थे। लेकिन बीमारी का पता चलने के बाद वृंदावन आ गए और यहां राधा नाम जप में लीन हो गए। उन्होंने अपनी दोनों किडनियों को कृष्णा और राधा नाम दिया है। भक्तों का कहना है कि उन्होंने दर्द को भी भक्ति में बदल दिया है।

## इंदौर में पीपल का 300 साल पुराना पेड़ काटा गया, पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने सिर मुंडवाया



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के एक धार्मिक स्थल के परिसर में पीपल के करीब 300 साल पुराने एक पेड़ और अन्य वृक्षों की कटाई के विरोध में दो पर्यावरण कार्यकर्ताओं के सिर मुंडवाने के बाद नगर निगम ने परिसर के व्यवस्थापक पर कुल 65,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सहायक उद्यान अधिकारी राहुल वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शहर के बारहमत्था बगीची के मंदिर परिसर में पीपल के एक प्राचीन वृक्ष के साथ ही बेर और अन्य प्रजातियों के चार पेड़ काटे जाने पर अलग-अलग पंचनामे बनाए गए हैं और इस धार्मिक स्थल के व्यवस्थापक पर कुल 65,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले, 'वृक्ष बचाओ-इंदौर बचाओ' आंदोलन से जुड़े दो पर्यावरण कार्यकर्ताओं-मुकेश रजत वर्मा और चंद्रशेखर गवली ने इस धार्मिक स्थल में पेड़ काटे जाने के विरोध में पीपल के प्राचीन वृक्ष के ठूंठ के आगे रविवार को मुंडन करा लिया। वर्मा ने बताया, ''इस परिसर में पीपल का करीब 300 साल पुराना पेड़ और अन्य वृक्ष काटे जाने को लेकर स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है। नगर निगम को शहर के प्राचीन पेड़ों को बचाने के लिए समय रहते कदम उठाने चाहिए।

## उत्तराखंड: दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने बदरीनाथ के दर्शन किए




**गोपेश्वर :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत ने सोमवार को उत्तराखंड में भगवान बदरीनाथ के दर्शन किए। रजनीकांत सोमवार सुबह चमोली जिले स्थित बदरीनाथ धाम पहुंचे और भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर उनकी पूजा की। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बदरीनाथ पहुंचने पर रजनीकांत का स्वागत किया। उन्होंने रजनीकांत को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भी भेंट किया। तमिल फिल्मों के दिग्गज कलाकार रजनीकांत अक्सर उत्त-

## सहारा ने पट्टे पर ली गईं जमीनों और संपत्तियों के मामले में नगर निगम के हस्तक्षेप को चुनौती दी

**लखनऊ :** सहारा इंडिया कमर्शियल कारपोरेशन लिमिटेड ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष सोमवार को एक याचिका दायर कर सहारा शहर में पट्टे पर ली गईं उसकी जमीनों और वहां निर्मित संपत्तियों के मामले में लखनऊ नगर निगम के हस्तक्षेप को चुनौती दी है। लखनऊ के गोमती नगर इलाके में कभी जग-मग रहने वाले 'सहारा शहर' को सोमवार को नगर निगम अधिकारियों ने पट्टे के नियमों के कथित उल्लंघन के लिए 'सील' कर दिया। याचिका में नगर निगम के 8 व 11 सितंबर, 2025 के आदेशों को भी चुनौती दी है जिसके तहत नगर निगम ने पट्टा नामा रद्द करके सहारा शहर में जमीन को जबरन कब्जे में लेने का आदेश दिया था। याचिका पर बुधवार को सुनवाई संभव है। याचिका में, सहारा ने कहा है कि उसने 22 अक्टूबर, 1994 और 23 जून, 1995 को नगर निगम के साथ हुए पट्टा समझौतों के तहत गोमती नगर में लगभग 170 एकड़ जमीन हासिल की थी। उसने ज़मीन के विकास में 2,480 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया और लगभग 87 आवासीय व व्यावसायिक इमारतें खड़ी कीं। याचिका में कहा गया है कि 1997 में जमीन के विकास को लेकर कुछ विवाद पैदा हो गया था। इसके बाद, सहारा ने दीवानी अदालत का रुख किया, जिसने उसके पक्ष में स्थगन आदेश दे दिया और यह अब भी लागू है।

# कटक हिंसा के सिलसिले में आठ लोग गिरफ्तार, भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंद

**कटक :** ओडिशा के कटक शहर में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान हिंसा और उसके बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं एवं पुलिस के बीच हुई झड़पों को लेकर तनाव व्याप्त है। हिंसा के बाद कटक में निषेधाज्ञा लागू किया गया है और सोमवार को 12 घंटे का बंद जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कटक के 20 में से 13 थाना क्षेत्रों में रविवार रात निषेधाज्ञा जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए रविवार शाम सात बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। दरगाहबाजार इलाके में




हाथी पोखरी के पास शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात स्थानीय लोगों ने विसर्जन में तेज संगीत बजाने पर आपत्ति जताई थी जिसके बाद झड़पें हुईं। बहस जल्द ही झड़प में बदल गई और पथराव के साथ ही कांच की बोतलें भी फेंकी गईं। झड़पों में खिलाड़ी ऋषिकेश दिनयानदेव सहित छह लोग घायल हो गए। पुलिस पर विसर्जन पर हमले को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए विहिप ने सोमवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया। रविवार को बंद के समर्थन में विहिप कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई मोटरसाइकिल रैली को पुलिस ने उपद्रवग्रस्त इलाके में पहुंचने पर रोक दिया, जिसके कारण फिर से हिंसा भड़क उठी। आठ पुलिसकर्मियों सहित 25 लोग घायल हो गए। गौरीशंकर पार्क इलाके में कई दुकानों में कथित तौर पर आग लगा दी गई। सुबह छह बजे शुरू हुए बंद का मिला-जुला असर रहा। सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान खुले रहे लेकिन उपस्थिति कम रही।

## कफ सिरप से मौत : एनएचआरसी ने तीन राज्यों, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय व अन्य को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी कर उन्हें दूषित कफ सिरप के कारण बच्चों की मौत के आरोपों की जांच करने और नकली दवाओं की बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। एनएचआरसी ने भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएस-सीओ), स्वास्थ्य सेवा महानिद-शालय (डीजीएचएस) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच का आदेश देने और राज्यों में सभी क्षेत्रीय प्रयोगशा-लाओं को नकली दवाओं के नमूने एकत्र करने और परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने को भी



कहा है। आयोग ने एक नोटिस में कहा, प्राधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित राज्यों के सभी मुख्य औषधि नियंत्रकों को नकली दवाओं पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दें। आयोग ने कहा कि उसे मध्यप्रदेश (छिंदवाड़ा और विदिशा जिले) और राजस्थान के कुछ जिलों में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से 12 बच्चों की मौत के मामलों में तत्काल हस्तक्षेप के अनुरोध वाली एक शिकायत मिली है। एनएचआरसी ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए प्रारंभिक परीक्षणों में हालांकि दवाओं में डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल नहीं पाया गया, जो किडनी विषाक्तता पैदा करने वाले पदार्थ माने जाते हैं, किडनी फेलियर और अन्य जटिलताओं से जुड़े मामलों में मौत का सही कारण अब भी अस्पष्ट है। एनएचआरसी के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का संज्ञान लिया है।


# प्रमोद भगत ने पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में तीन स्वर्ण पदक जीते

**नयी दिल्ली:** भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक



जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है।' युगल में भगत के साथी सुकांत कदम ने कहा, ''प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ मजबूत हो गई है। इस जीत से आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हमारा आत्मविश्वास बढेगा।' इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच1, पुरुष युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया। सरकार ने आरती के साथ मिलकर महिला युगल एसएल3-एसयू5 में कांस्य पदक भी जीता। अन्य नतीजों में नीलेश गायकवाड़ (पुरुष एसएल4) और कनक सिंह जादौन (महिला एसएल4) ने कांस्य पदक जीते। पुरुष एकल एसयू5 में भारत के लिए करण पनीर, राहुल विमल और सतीवाड़ा ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया।

## पाकिस्तान की सिदरा अमीन को भारत से हार के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार



**कोलंबो:** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। अमीन ने रविवार को भारत के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में 81 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम जीत के लिए 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गयी। अमीन की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने मैच 88 रन से जीता। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज' के 'अनादर' से संबंधित है।' यह घटना पाकिस्तान के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40वें ओवर में हुई जब स्नेह राणा द्वारा आउट होने के बाद उन्होंने 'अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा''। आईसीसी ने कहा, ''इसके साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है और यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला उल्लघंन था।' आईसीसी के मुताबिक, 'अमीन ने इस उल्लघंन और एमिरेट्स आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के सदस्य शैंड्रा फ्रिट्ज द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया है इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।' ये आरोप मैदानी अंपायर लॉरेन एगेनबैग और निमाली परेरा के साथ तीसरे अंपायर केरिन क्लास्ते और चौथे अंपायर किम कॉटन ने लगाए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताते हुए सोमवार को कहा कि इस प्रतियोगिता में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते जो जापान के कोबे में 2024 में में जीते 17 पदक के उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी पदक विजेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे पैरा एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शन! इस साल की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें छह स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई।' उन्होंने कहा, 'उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' यह पहली बार था जब भारत ने इस प्रतिष्ठित पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें 100 से अधिक देशों के 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया। मोदी ने कहा, 'दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे लगभग 100 देशों के एथलीटों और सहयोगी स्टाफ का आभार।'

## विश्व जूनियर चैंपियनशिप: भारत की शानदार शुरुआत, श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में यूएई को हराया



**गुवाहाटी:** मेजबान भारत ने सोमवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पहले दिन सुहांदिनाता कप में अपने मिश्रित टीम अभियान की शुरुआत पड़ोसी देश नेपाल पर शानदार जीत के साथ की जबकि श्रीलंका ने यूएई को रोमांचक मुकाबले में हराकर चौंका दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपनी टीम में प्रयोग किया लेकिन फिर भी ग्रुप एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से जीत हासिल की जबकि श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। चौदह बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया सहित अन्य सभी शीर्ष देशों को अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेटों में हराकर अपना अभियान शुरू करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से, कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से, चीनी ताइपे ने ब्राजील को 45-24, 45-19 से तथा इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-27, 45-40 से हराया।

## भारतीय पुरुष वाटर पोलो टीम एशियाई एक्वाटिक्स में कजाखस्तान से हारी

**अहमदाबाद:** भारतीय पुरुष वाटर पोलो टीम सोमवार को एशियाई एक्वाटिक्स चैंपियनशिप (वाटर पोलो और कलात्मक तैराकी) के तीसरे दिन कजाखस्तान से 6-20 से हार गई। भारत के लिए भागेश कुथे ने तीन गोल जबकि उदय उत्तेकर और प्रवीण गोप-िनाथन ने पुरुषों के ग्रुप बी मुकाबले में एक एक गोल किया। कजाखस्तान के लिए बाल्टाबकुली आदिल और नेद-िकोंत्सेव ने चार चार, तोसोय एडुआर्ड ने तीन गोल किए जबकि लामायेव मैक्सिम, शाकेनोव मूरत और अकिम्बे अल्दियार ने दो-दो गोल किए। अख्मेतोव रुस्लान, मदीमार अल्मत और बोब्रोवस्की मस्तिस्लाव ने एक-एक गोल किया। कलात्मक तैराकी में कजाखस्तान की करीना मैग्रूपोवा और ने महिला एकल फ्री स्पर्धा और विक्टर ड्रुजिन ने पुरुष एकल फ्री स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## हम अपना खुद का माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बाहरी शोर से दूर रहते हैं: जेमिमा

**कोलंबो:** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि टीम उन सभी के लिए आईसीसी विश्व कप जीतना चाहती है जिन्होंने देश में महिला खेल की प्रगति में योगदान दिया है और इसके लिए खिलाड़ी 'बाहरी शोर' से दूर रहने की कोशिश कर रही हैं। सह मेजबान भारत दो बार उपविजेता रहने के बाद अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी की तलाश में है और उसने मौजूदा टूर्नामेंट में अपने दोनों लीग मैच जीते हैं जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ जीत भी शामिल है। जेमिमा ने 'जियोस्टार' से कहा, 'हम एक बार में एक दिन के बारे में सोचते हैं और वर्तमान में रहते हैं। यहां तक कि टीम की आपसी बातचीत में भी हम अपना खुद का माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि विश्व कप के आसपास



कितना शोर होता है।' उन्होंने कहा, ''चाहे हम अच्छा प्रदर्शन करें या चुनौतियों का सामना करें, हम इन सब बातों को बाहर रखना चाहते हैं और अपनी ऊर्जा खुद बनाना चाहते हैं। इस टीम में हर कोई एक-दूसरे का ध्यान रखता है और एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाता है। यह स्वाभाविक रूप से होता है और हमारे रिश्ते को मजबूत बनाता है।'

## लंका प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी

**नयी दिल्ली:** लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## अब समय आ गया है कि क्रिकेट सहित खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे अदालत: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि वह क्रिकेट सहित खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा, 'अब क्रिकेट में खेल जैसा कुछ नहीं रहा। यह एक तथ्य है। यह सब बिजनेस है।' पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह जबलपुर संभाग के एक क्रिकेट संघ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति नाथ ने इस मामले में विभिन्न पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों से पूछा, ''आज हम क्रिकेट खेल रहे हैं। तीन-चार मामले हैं। एक मामला पहले ही दूसरे दौर के लिए स्थगित हो चुका है। यह दूसरा मामला है। दो और मामले हैं। आज आप कितने टेस्ट मैच खेलेंगे?' याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि देश क्रिकेट के प्रति जुनूनी है। नाथ ने कहा, 'मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस अदालत को क्रिकेट और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।' याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुछ चिंताओं के कारण ये मामले उच्चतम न्यायालय के समक्ष आ रहे हैं।

## नायर की कर्नाटक रणजी टीम में वापसी, अन्वय द्रविड़ वीनू मांकड ट्रॉफी में करेंगे कप्तानी

**बेंगलुरु:** भारतीय बल्लेबाज करुण नायर दो सत्र के अंतराल के बाद फिर से कर्नाटक की टीम में वापसी करेंगे। नायर को 15 अक्टूबर से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाले सत्र के पहले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए राज्य टीम में शामिल किया गया है। नायर इससे पहले दो सत्र तक विदर्भ की टीम का हिस्सा थे, जहां उन्होंने पिछले सत्र में में टीम के रणजी ट्रॉफी चैंपियन बनने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को पहले संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया था।



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़ा; सेंसेक्स 583 अंक उछला, निफ्टी 25,000 के पार

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466



अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित इन्-वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया। बैंकिंग सूचकांक ने बड़े अनुसूचित बैंकों के मजबूत तिमाही विवरणों और आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर प्रदर्शन किया। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## ईवी की कीमतें चार-छह महीनों में पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएंगी: गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतें अगले चार से छह महीनों में पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के बराबर होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल) पर भारत की निर्भरता एक आर्थिक बोझ है, क्योंकि ईंधन आयात पर सालाना 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह पर्यावरण के लिए खतरा भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में देश की प्रगति के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है। गडकरी ने 20वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा, 'अगले 4-6 महीनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी।' उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य पांच वर्षों के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है।' गडकरी ने कहा, 'जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। अब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है।'

## मर्सिडीज के लिए सितंबर भारत में अब तक का सबसे अच्छा महीना



**नयी दिल्ली:** लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने सोमवार को कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। सितंबर में रिकॉर्ड बिक्री और नवरात्र के दौरान 2,500 से अधिक इकाइयों के पंजीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,119 इकाइयों की बिक्री हुई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बेची गई 5,117 इकाइयों के लगभग बराबर है। पिछले महीने नवरात्र के दौरान सिर्फ नौ दिनों में ही कंपनी ने 2,500 से अधिक वाहन बेच दिए जो भारत में उसके किसी भी त्योहारी मौसम की सर्वाधिक बिक्री है। कंपनी ने कहा कि नवरात्र के दौरान जोरदार मांग के चलते सितंबर महीने में उसके इतिहास का सबसे अच्छा मासिक प्रदर्शन रहा। सितंबर 2025 में बिक्री में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने कहा, जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद मिली ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया और पहले से स्थगित मांग आने से हमने सितंबर में सर्वश्रेष्ठ बिक्री हासिल की है। अय्यर ने उम्मीद जताई कि यह त्योहारी खरीदारी रुझान अक्टूबर में भी जारी रहेगा। कंपनी को धनतेरस और दिवाली के समय बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है।

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलन में मुफ्त राशन के लिए तौर-तरीकों का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली:** सांख्यिकी मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से वितरित मुफ्त खाद्यान्न को उचित रूप से दर्शाने के लिए एक कार्यप्रणाली का प्रस्ताव किया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का उपयोग मौद्रिक नीति, जीवन-यापन की लागत की गणना और सामाजिक कल्याण योजनाएं बनाने में किया जाता है। सीपीआई, परिवारों द्वारा उपभोग की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं और सेवाओं के खुदरा मूल्यों में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसप-िआई) सीपीआई का आधार संशोधन कर रहा है। इस प्रक्रिया में मूल्य संग्रह का दायरा बढ़ाना, मौजूदा पद्धतियों को बेहतर बनाना, नए आंकड़े स्रोतों की खोज और मूल्य संग्रह एवं सूचकांक संकलन में आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग शामिल है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि जनवरी 2023 से सरकार ने मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना शुरू की थी, जिसमें 75 प्रतिशत ग्रामीण और 50 प्रतिशत शहरी आबादी शामिल है।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मासिक आधार पर घटी

**नयी दिल्ली:** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर पहुंच गया था। इस नरमी के बावजूद सितंबद माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम



हुईं...।' सर्वेक्षण के अनुसार, मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में नरम सुधार भी है। सितंबर में बाहरी बिक्री में फिर भी वृद्धि हुई लेकिन मार्च के बाद से यह सबसे कम रही। कंपनियों ने निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में मंदी के पीछे मुख्य वजह अन्यत्र कम कीमतों पर सेवाओं की आपूर्ति को बताया। कीमतों के मोर्चे पर इसमें कहा गया कि मुद्रास्फीति की गति मध्यम रही जो मार्च के बाद से सबसे धीमी और मोटे तौर पर दीर्घावधि श्रृंखला औसत के अनुरूप रही क्योंकि भारतीय सेवाओं के प्रावधान के लिए ली जाने वाली कीमतें भी सितंबर में कमजोर दर से बढ़ीं। सर्वेक्षण के अनुसार, सितंबर के दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा। रोज-गार में मामूली वृद्धि हुई क्योंकि निगरानी में रखी गई कंपनियों में से पांच प्रतिशत से भी कम ने नियुक्ति में वृद्धि दर्ज की। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई।

## न्यूज अपडेट

### जन औषधि खुदरा विक्रेताओं की न्यूनतम दूरी नियम को बहाल करने की मांग

**नयी दिल्ली:** जन औषधि केंद्रों के जरिये सस्ती दवाओं के खुदरा विक्रेताओं ने सरकार से 'शून्य दूरी' नीति की समीक्षा करने का अनुरोध किया है। इस नीति के तहत पास-पास दो दुकानें खोलने की अनुमति दी जाती है। दस राज्यों के प्रतिनिधियों के निकाय पीएमबीजेके रिटेलर्स एसोसिएशन ने सोमवार को वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और शहरी क्षेत्रों में दुकानें खोलने की संशोधित नीति को वापस लेने का अनुरोध किया। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार विभाग भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) है। इसने नई दुकानें स्थापित करने की नीति में संशोधन किया है।

### भारत, कतर ने व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की

**दोहा:** भारत और कतर ने सोमवार को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी के साथ विचार-विमर्श किया। गोयल दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमने भारत-कतर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक सहयोग में बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।'' मंत्री दोनों देशों के बीच निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए यहां एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करने पर विचार कर रहे हैं। कतर खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 2024-25 में 14.15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

### टाटा कैपिटल के आईपीओ को पहले दिन 39 प्रतिशत बोलियां मिलीं

**नयी दिल्ली:** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टाटा कैपिटल लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के पहले दिन 39 प्रतिशत बोलियां मिलीं। एनएसई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईपीओ में 33,34,36,996 शेयरों के मुकाबले 12,86,08,916 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के मामले में 52 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 35 प्रतिशत बोलियां मिलीं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 29 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। टाटा कैपिटल ने शुक्रवार को 68 घरेलू और वैश्विक संस्थागत निवेशकों से 4,642 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी का 15,512 करोड़ रुपये का सार्वजनिक निर्गम आठ अक्टूबर को समाप्त होगा और इसकी मूल्य सीमा 310-326 रुपये प्रति शेयर है। इस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) का मूल्यांकन शीर्ष स्तर पर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये है।

### एयरटेल बिजनेस को भारतीय रेलवे सुरक्षा संचालन केंद्र के लिए मिला बहुवर्षीय ठेका

**नयी दिल्ली:** भारती एयरटेल की उद्यम इकाई एयरटेल बिजनेस ने सोमवार को घोषणा की कि उसे सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे सुरक्षा परिचालन केंद्र (आईआरएसओसी) से बहुवर्षीय ठेका मिला है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एयरटेल एक नए (ग्रीनफील्ड) बहुस्तरीय साइबर सुरक्षा संरक्षण परिवेश को तैयार, उसका निर्माण, कार्यान्वयन और संचालन करेगा। यह भारतीय रेलवे की सूचना प्रौद्योगिकी की नींव की रक्षा के लिए रक्षक के रूप में काम करेगा। साथ ही निर्बाध, सुरक्षित और निर्बाध डिजिटल संचालन सुनिश्चित करेगा। केंद्रीकृत सुरक्षा नियंत्रण के साथ एयरटेल बिजनेस रेलवे के विस्तृत डेटाबेस को सुरक्षित करने के लिए बहु-स्तरीय सुरक्षा का निर्माण करेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3376 अंक 186, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in